
संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com पर पढ़े ........
18 फरवरी 2025, मंगलवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 139
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

## सुसाइड केस से जुड़ा अभिनेता अमिताभ बच्चन के दामाद निखिल नंदा का नाम

**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता नंदा के पति और कपूर परिवार के सदस्य निखिल नंदा के लिए कानूनी मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। निखिल, एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। अब उनका नाम एक सुसाइड केस से जुड़ रहा है। मामला उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में एक ट्रैक्टर एजेंसी डीलर के सुसाइड से जुड़ा है। इस केस में निखिल सहित नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।



## झारखंड नेटबॉल टीम के लिए सलेक्शन ट्रायल 18 को, संयोजक बनी मोनालिसा



**गोड्डा ।** झारखंड नेटबॉल एसोसिएशन के संयोजक गोड्डा की मोनालिसा कुमारी बनी है। राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से फिलहाल उन्हें झारखंड का दायित्व सौंप दिया गया है। बतौर राष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने जिला रज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। केवल गोड्डा की बात करें तो उनके नेटबॉल खेल में 28 बालक और 28 बालिका की टीम शिरकत करती है। मोटे तौर पर कहे तो नेटबॉल खिलाड़ियों का एक फौज तैयार कर रखा है। राष्ट्रीय नेतृत्व से जिम्मेदारी मिलते ही वह पूरी तरह से पूरे झारखंड के नेटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक्टिव मोड पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है।झारखंड नेटबॉल एसोसिएशन की संयोजक सुश्री मोनालिसा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से हरिओम कौशिक के द्वारा बहुत बड़ी जिम्मेदारी छोटे से कंधे पर दी गई है। झारखंड में नेटबॉल खेल के विकास के लिए कार्य करना है। वहीं मोनालिसा ने बताया कि 37वें जूनियर नेशनल नेटबॉल चैम्पियनशिप (बालक एवं बालिका) 23 से 26 फरवरी 2025 एवं तृतीय फास्ट फाइव जूनियर नेशनल नेटबॉल चैम्पियनशिप (बालक एवं बालिका) 26 से 28 फरवरी 2025 तथा प्रथम जूनियर नेशनल मिक्सड नेटबॉल चैम्पियनशिप 01 मार्च से 02 मार्च 2025 को श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलिंगा, भिवानी में आयोजित होने जा रही है।

## चैनपुर बाजार में गुटका एवं तंबाकू विक्रेताओं पर छापेमारी, जुर्माना लगाया गया

नारायणपुर (जामताड़ा) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर के चिकित्सा प्रभारी अमरेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर प्रखंड के चैनपुर बाजार में गुटका, तंबाकू एवं पान मसाला की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से छापेमारी की गई। इस दौरान प्रतिबंधित सामग्री पाए जाने पर चार दुकानदारों–मनमोहन सेन, बबलू सेन, अलादी सेन और शुभाष चंद्र सेन पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया।छापेमारी दल में बीपीएम अखिलेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार रवानी एवं बीडीएम रमन पाठक शामिल थे। इस मौके पर दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री न करें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आक्रोशित बनकर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

**जामताड़ा ।** झारखण्ड राज्य गठन के बाद से आज तक वन विभाग के लिपकीय कर्मियो का सेवा नियम नहीं बनने से वन कर्मियों में काफी आक्रोश है। सोमवार को आक्रोशित जिला वन कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य संपादित किया। मौके पर उपस्थित वनकर्मियों ने बताया कि वर्ष 2004 से वन विभाग के सहायक संवर्ग को निम्नवर्गीय लिपिक और उच्चवर्गीय लिपिक में विभाजित किया गया था। आज 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी एलओसी और यूडीसी पदो का कन्फर्म नहीं किया गया है। जिस कारण बस झारखण्ड राज्य के वन विभाग में स्ष्ट को कोई पदोन्नती नहीं मिसने के कारण दिनाक 17 से 22 फरवरी तक प्रत्येक दिन राज्य के सभी जिला के ऑफिस में कल्पा बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे साथ ही 2 मिनट का मौन भी रखेंगे। उसके बाद दिनाक-23 फरवरी को कैंडल मार्च निकाला जायेगा। अगर विभाग एवं सरकार द्वारा 15 दिनो के अन्दर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो चरणबद्ध अंदोलन किया जाएगा।

## शहरी क्षेत्र में भी पूरे जोरों से चल रहा है झामुमो का सदस्यता अभियान



**जामताड़ा ।** इन दिनों नए सदस्य बनाने का राजनीति में मानो सीजन चल रहा है। विभिन्न दलों के कार्यकर्ता लोगों से रूबरू मिलकर उन्हें अपने पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा भी जिले भर में सदस्यता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। पंचायत कमेटियाँ जहां ग्रामीण क्षेत्र में नए सदस्य जोड़ रही है, वहीं जिला कमेटी के सदस्य और नगर कमेटी के कार्यकर्ता शहरी क्षेत्र में सदस्य जोड़ने में लगे हुए हैं। सोमवार को रविंद्र नाथ दुबे की अगुवाई में जामताड़ा नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या एक और तीन में सदस्यता अभियान चलाया गया। इसके तहत सैकड़ो नए सदस्यों को पार्टी का सदस्यता प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर उपस्थित वरिष्ठ झामुमो नेता देवाशीष मिश्रा ने कहा कि राजनीति में यह काफी पुरानी परंपरा है, जब हम अपने विचारधारा के साथ तालमेल रखने वाले लोगों को सदस्य के रूप में अपने पार्टी से जोड़ते हैं।इस मौके पर आनंद टुड्डू, किशोर रवानी, विजय राउत, साकेस सिंह, राजीव माजी, विक्रम रवानी, नयन रवानी, अकबर शेख, मुकेश रवानी, बाबू रवानी, रवि राउत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ घांटी बड़बहाल में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आरम्भ



**नारायणपुर(जामताड़ा)।** धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो सहित कई गगनवेदी धार्मिक जयकारों के साथ भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया। प्रसंग था प्रखंड क्षेत्र के घांटी बड़बहाल ग्राम में 17 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का। यज्ञहेतु आयोजित कलश यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया ,501 कन्यायों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस कलश यात्रा में सामिल थे।मुख्य जजमान राजेश तिवारी के अलावा कन्हैया तिवारी, रघु मंडल ,संतोष गोस्वामी, ,टेकलाल गोस्वामी, अध्यक्ष आनंद मोहन तिवारी, सचिव मुरारी रवानी, ल,अक्लु रवानी, मनमोहन तिवारी, बरूण रवानी, सुशील रवानी,राजीव, रवानी, अरुण रवानी, प्रियंका देवी, अरुणा देवी, ममता देवी,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक अनुष्ठान में सामिल हुए। महायज्ञ बड़बहाल गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा में सामिल कन्याओं के लिए श्रद्धालुओ के द्वारा जगह जगह शर्बत एवं अन्य शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

## डीसी ने समाहरणालय में किया औचक निरीक्षण, कई कर्मी अनुपस्थित पाए गए

**नारायणपुर (जामताड़ा)।** जामताड़ा की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय ने सोमवार को जामताड़ा समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कार्यालयों में कर्मी अनुपस्थित पाए गए, जिससे उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा।इस अवसर पर उपायुक्त ने निर्वाचन, भू-अर्जन, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, नजारत, राजस्व, प्रशासी पदाधिकारी, स्थापना, विधि एवं सामान्य शाखा सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान भू-अर्जन कार्यालय 10ः40 बजे तक बंद पाया गया, जिससे उपायुक्त ने कड़ी आपत्ति जताई। सामाजिक सुरक्षा कार्यालय में सभी कर्मी उपस्थित थे, लेकिन कार्यालय प्रधान अनुपस्थित मिले। कर्मियों ने बताया कि वे जिला योजना कार्यालय के अतिरिक्त प्रभार में हैं। जो कर्मी अनुपस्थित पाए गए उसमें जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक संतोष कुमार एवं कंप्यूटरऑपरेटर चंदन कुमार,भू-अर्जन कार्यालय के दयाशंकर झा , आजाद मुर्मू , विकास कुमार , अविनाश कुमार, अजय तुरी , विजय कुंवर, समरेश कुमार मुर्मू, बिमल कुमार मंडल,समाज कल्याण विभाग के शकुंतला हेंब्रम एवं रूबी प्रमाणिक,नजारत विभाग के विवेक कुमार दे एवं बापी भंडारी,राजस्व शाखा के सुखेदव दास , शुभम कुमार दास , खुर्शीद आलम, रौशन कुमार गुप्ता ,प्रशासी अधिकारी कार्यालय के गणेश दास स्थापना शाखा के ज्योति वंदना , सनातन मुर्मू ,विधि शाखा के सुरेश हाजरा , गुरुदेव महतो सामान्य शाखा के लखींद्र हेंब्रम , सुचिता कुमारी, शैलेश कुमार ,आपूर्ति कार्यालय के राजाराम हांसदा , देवाशीष कुमार , सुष्मिता मुर्मू , राजदेव भैया, गौतम कुमार

## सड़क निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस



**महागामा ।** अनुमंडल क्षेत्र स्थित झारखंड /बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हनवारा में पथ निर्माण विभाग द्वारा 2 करोड़ 43 लाख की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। वहीं स्थानीय ग्रामीण रफिक आलम, सरवर आलम, प्रकाश रविदास, पुजारा यादव, गुड्डू यादव, युसूफ आलम, संदीप यादव, शकीरा आलम, अनुरोध यादव, प्रमोद यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर सड़क निर्माण घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पीसीसी सड़क ढलाई में मटेरियल सही मात्रा में नहीं देने से ग्रामीण नाराज हैं। वहीं सड़क बनने के साथ फटने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। कहा कि नवनिर्मित बनने वाली सड़कों पर घटिया और कम सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। साथ बिना पदाधिकारियों और बिना इंजीनियर की उपस्थिति में ही संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। एक तरफ से रोड बनाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ से रोड फटते जा रहा है ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जाच की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग द्वारा अविलंब जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो उक्त सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण की शुरुआत से ही अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि अनियमितता को लेकर ग्रामीण लगातार विरोध प्रकट करते आ रहे हैं। ग्रामीणों के विरोध को दरकिनार करते हुए संवेदक द्वारा मनमानी रवैया अपनाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

## विवाहिता की हत्या मामले में दो व्यक्ति गिरफ्तार

**गोड्डा ।** बीते दिनों जिले के बसंतराय थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सुस्ती महेशपुर के बहियार में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वहीं दूसरे दिन शव का शिनाख्त हुआ तो परिजन ने हत्या का आरोप लगाया था। जिसके बाद गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नेथानी के आदेशानुसार कांड का उद्भेदन हेतु एक छापेमारी दल का गठन किया गया। अग्रतर अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने दो अभियुक्त टुनटुन तांती एवं भुदेव दास को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर इन दोनों ने मृतका प्रियंका देवी के पति वरुण मंडल के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तो की निशानदेही पर घटना में प्रयोग किया गया मोबाइल सहित हत्या के लिए लिए गए दस हजार रुपए में से नौ हजार सात सौ रुपए व मिट्टी का चिलम को बरामद कर जप्त करने के साथ साथ दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस पूरे मामले को लेकर गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की मृतिका के पति को शक था कि मृतिका का किसी अन्य पुरुषों के साथ अवैध संबंध है। इसी शक के आधार पर मृतका के पति ने अपने दो करीबी लोगों को दस हजार में पत्नी की हत्या करने के लिए तैयार किया। फिर घटना स्थल पर तीनों ने बैठकर नशापान किए और मृतका के पति ने दोनों को वहीं रूकने को कहा।

## पोड़ैयाहाट बीडीओ के द्वारा आयोजित की गई प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक



**पोड़ैयाहाट ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी फुलेश्वर मुर्मू की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत सभी सीएचओ एवं एएनएम एवं समस्त सहिया साथी के साथ माह अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक मे किये गए सभी दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाएं सम्बंधित प्राप्त रिपोर्ट एवं लक्ष्य की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बैठक मे अनुपस्थित सभी सभी सीएचओ एवं एएनएम को चिन्हित कर स्पष्टीकरण एवं अगले आदेश तक वेतन/ मानदेय को अवरोध करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं अध्यक्ष के द्वारा प्रतिदिन नियमित समय सारणी एवं ड्रेस कोड मे सभी स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य संस्थान मे ड्यूटी का निर्वाहन करेंगे। संस्थान मे पहुँच कर शुरुआती एवं अंतिम समयानुसार जीपीएस युक्त फोटो अपने ऑफिसियल व्हाट्सप्प ग्रुप मे भेजना सुनिश्चित करेंगे ताकि आपकी सतत निगरानी एवं समुदाय के अंतिम आदमी तक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं से लाभान्वित किया जा सकें। वहीं बैठक में उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रमेश कुमार के द्वारा नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण कार्यक्रम, प्रसव पूर्व जांच जैसे अनेकों कार्यक्रमो की समीक्षा कर कार्य मे सुधार लाने हेतु निर्देश दिया गया। एमओआईसी डॉ0 रमेश कुमार के दुवारा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक कुमार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आछासन मानक एनक्यूएएस एवं संचलित सभी कार्यकमों के निगरानी हेतु ऑनलाइन वीडियो कॉल कर सस्थान मे उपस्थिति एवं समय समय पर संस्थान मे विजिट कर भोतिक सत्यापन एवं निरिक्षण हेतु दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक कुमार, लिपिक मनोज कुमार, प्रखंड लेखा लिपिक ममता कुमारी, प्रखंड डेटा प्रबंधक तरेश हेमब्रम, बिटीटी एवं डब्लूएचओ प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## शीघ्र विज्ञापन प्रकाशन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

नारायणपुर(जामताड़ा) उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के क्रम में उपायुक्त ने जामताडा जिलान्तर्गत चौकीदार की सीधी नियुक्ति को लेकर पूर्व में दिए निर्देश के अनुपालन का समीक्षा किया। उन्होंने नियुक्ति के संबंध में विज्ञापन प्रकाशन हेतु सभी बिंदुओं पर त्रुटियों का निराकरण करते हुए जल्द से जल्द विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य जरूरी बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि ,संबंधित अंचल अधिकारी अविश्वर मुर्मू के अलावा अन्य मौजूद थे।

## यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विशेष बैठक

**मिहिजाम ।** प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेला के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए चित्तरंजन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 स्थित जीआरपी कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने की। इसमें स्टेशन मास्टर अश्विनी कुमार, जीआरपी थाना प्रभारी किशुन प्रसाद, आरपीएफ थाना प्रभारी अशोक कुमार, एएसआई पीके मोदक और एएसआई पीबी हटी सहित कई अधिकारी शामिल हुए।

## एक क्विंटल जावा महुआ नष्ट

**बसंतराय।** प्रखंड के थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर गांव के पाशीटोला में सोमवार को स्थानीय प्रशासन ने कारवाई करते हुए अवैध देसी शराब निर्माण कर रहे महुआ देसी शराब भट्ठी को ध्वस्त कर बड़ी मात्रा में तैयार जावा महुआ को नष्ट करते हुए अवैध देसी शराब को जब्त किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस कार्रवाई के दौरान शराब बनाने वाले मौके से भागने में सफल रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में अवैध शराब निर्माण करने के लिए भट्टी चलाया जा रहा है। फल स्वरुप अवैध शराब निर्माण करने वालों के विरुद्ध करवाई की गई।

## गठबंधन दल के झामुमो एवं राजद की हुई बैठक, सैकड़ों समर्थक हुए उपस्थित



**गोड्डा ।** सदर प्रखंड अंतर्गत घाट बंका पंचायत के लंगड़ाडीह गांव के चौताल पर रविवार को ग्रामीणों की बैठक बुलाई गयी। जिसमें गठबंधन दल के झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल के सैकड़ों समर्थक उपस्थित हुए। वहीं बैठक की अध्यक्षता घाट बंका ग्राम पंचायत की मुखिया उस्तरा बीबी ने किया। बैठक में ग्रामीणों ने मांग किया कि 1985 से घाट बंका मैदान में सिद्धू कान्हू शिरोमणि मेला लगाया जाता था जिसका आयोजन कुछ दिनों से बंद है। उसे हम सभी आदिवासी, मूलवासी मिलकर फिर से शुरू करना चाहते हैं क्योंकि ये क्षेत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधान सभा क्षेत्र के सुन्दर पहाड़ी प्रखंड के बॉडर पर है। वहीं बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय समिति सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा राजेश मंडल ने बैठक से ही उद्योग मंत्री सह गोड्डा गठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल के गोड्डा विधायक सह मंत्री संजय प्रसाद यादव से दूरभाष पर मैदान के समतलीकरण के लिए अपील किया। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने त्वरित संज्ञान लेते हुवे मैदान समतलीकरण करने के लिए 50 हजार रुपए घाट बंका पंचायत मुखिया को उपलब्ध कराया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे राजेश मंडल ने कहा कि ये हेमंत सरकार है जो कहती है वो करती है। आपकी समस्या समाधान ही अबुआ हेमंत सरकार का लक्ष्य है और भी आपकी जो समस्या है आप लिखित आवेदन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन या फिर मंत्री संजय यादव के नाम से दें, आपकी समस्या का हर हाल में समाधान होगा।ग्रामीणों ने एक स्वर में संजय यादव को साधुवाद देते हुए, संजय यादव जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए। बैठक को राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ने भी संबोधित किया। झामुमो जिला पूर्व उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कमरूल अंसारी, पूर्व झामुमो जिला कार्यकारिणी पूर्व सदस्य श्यामल रामदास, शरीफ आलम, मो0 सूफियान, जैव आलम, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## तृतीय राजकीय गणतंत्र महोत्सव के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित

**गोड्डा ।** तृतीय राजकीय गणतंत्र महोत्सव के अवसर पर नगर भवन में स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन गोड्डा सिविल सर्जन डॉक्टर अनंत कुमार झा की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में जिला स्तरीय अधिकारी एवं सिविल सोसायटी के लोगों ने भाग लिया। आयोजित संगोष्ठी में डॉक्टर आकाश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल गोड्डा के द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट जैसे गोल्डन आवर, रिससिटेशन, सीपीआर आदि मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 अशोक कुमार मेहता चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल के द्वारा हीट वेव से बचने के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 जुनैद आलम आलम के द्वारा नीड फॉर ब्लड डोनेशन, थैलेसीमिया रोग, सिकल सेल एनीमिया के बारे में जानकारी दी। डॉ0 रमेश कुमार चिकित्सा पदाधिकारी पोड़ैयाहाट के द्वारा गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह हाइपरटेंशन कैंसर आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सिविल सोसाइटी के द्वारा किए गए सवालों का जवाब डॉ0 रंजन कुमार, डॉ0 प्रीतम कुमार दत्ता के द्वारा दी गई।वहीं चिकित्सा पदाधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा हीट वेव से बचाव हेतु रोल प्ले कर डिस्टिक ऑफिशियल्स एवं सिविल सोसाइटी के लोगों को जागरूक किया गया। संगोष्ठी के बाद पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के मुखिया को शॉल एवम् स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक रवि रंजन कुमार सिंह, जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर, जिला डाटा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, डीपीएएनसीडी अनुराग भारती, सीएआरआई सुनील कुमार, प्रहलाद कुमार प्रभात कुमार, रीना कुमारी, सोनम कुमारी लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## कुंदन कुमार चौधरी बने चापुड़िया पंचायत के अध्यक्ष कामेश्वर मुर्मू बने सचिव

**फतेहपुर (जामताड़ा) ।** फतेहपुर प्रखंड के चापुड़िया पंचायत में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन सोमवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता दुलाल यादव ने किया। मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में परेश यादव, वकील सोरेन, अशोक महतो, प्रमुख अरविंद कुमार मुर्मू, विनय चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से चापुड़िया पंचायत अध्यक्ष कुंदन कुमार चौधरी व सचिव कामेश्वर मुर्मू को चुना गया। वहीं कोषाध्यक्ष अजीत राणा, मीडिया प्रभारी महेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अनिल हांसदा, सरोज यादव, जीयाराम सोरेन, संजय चौधरी, मिथिलेश यादव, संगठन मंत्री मुकेश कुमार चौधरी, प्रकाश चौधरी, रामधन मरांडी को सर्वसम्मति से चुना गया, वहीं कार्यकारणी सदस्य देवेन्द्र सोरेन, हेमलाल मरांडी, अभिमन्यु चौधरी, त्रिपुरारी चौधरी, अशोक यादव सहित दर्जनों एक्टिव कार्यकर्ताओं को बनाया गया, वहीं बिंदापाथर पंचायत में अध्यक्ष श्यामसुंदर सोरेन, सचिव गोपाल गिराई को सर्वसम्मति से चुना गया, वहीं कोषाध्यक्ष भास्कर मंडल, मीडिया प्रभारी मोहित महतो को चुना गया, उपाध्यक्ष रंजीत महतो, फूचू दास, मार्टिन हांसदा,सह सचिव कृष्णकांत मंडल, श्यामल मंडल, किशोर महतो, संगठन मंत्री अजय मांझी को चुना गया, सहित दर्जनों एक्टिव कार्यकर्ताओं को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। मौके पर दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।


अनुमंडल दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर
दूरभाष सं०–06432-232326 ई–मेल–sdodeoghar@gmail.com
(सामान्य न्यायालय)

**नोटिस**

–बनाम–
एकनाथ झा,
पता–सब्जी मंडी, वार्ड नं०–19

ब–जरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपका धर्मशाला/भवन काफी जर्जर अवस्था में है एवं कभी भी किसी संभावित दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में भी आपको नोटिस निर्गत करते हुए निदेश दिया गया हैं कि देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें, जिसका अनुपालन आपके स्तर से अबतक अधोहस्ताक्षरी को अप्राप्त है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य एवं **महाशिवरात्रि–2025** में संभावित भीड़ एवं काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए निदेश दिया जाता हैं कि **अविलम्ब** देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान/धर्मशाला को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें।

उक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में अथवा आपके जर्जर भवन/धर्मशाला से किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर, उसकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी आपके उपर तय की जायेगी एवं साथ ही **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–152** के तहत् विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**इसे सख्त ताकिद समझें।**

अनुमंडल दण्डाधिकारी,
देवघर

PR 346617 Deoghar(24-25).D


## रेप व हत्या मामले में गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**नाला (जामताड़ा)।** रविवार को नाला प्रखंड क्षेत्र के डाबर गांव में रेप और हत्या के एक जघन्य मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी में देरी होने के कारण सोमवार को बच्ची का शव सड़क पर रखकर आरोपी के गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशीत ग्रामीणों व परिजनों ने नाला-दुमका तथा नाला- जामताड़ा मुख्य मार्ग पर आम बागान के समीप सड़क जाम कर दिया। रविवार को एक 10 वर्षीय बच्ची का शव पुलिस ने बरामद किया था और इस मामले में परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देकर नामजद आरोपी के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। गिरफ्तारी में विलंब होने से आक्रोशित ग्रामीण सुबह 8ः00 बजे ही मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप कर दिया। सैकड़ो की संख्या में लोग शव के साथ सड़क पर उतर आए और आरोपी के गिरफ्तारी की मांग करने लगे। लोगों को समझाने पहुंचे वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी को भी आक्रोशित लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। गनीमत रही कि किसी भी तरफ से स्थिति बिगड़ने नहीं दिया गया। इन्हीं कारणों से आक्रोशित ग्रामीणों एवं पुलिस प्रशासन के बीच नोकझोंक भी हो गई। सुबह से ही आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर ग्रामीणों नें शव को सड़क पर रख सड़क जाम किया था। बताया जाता है कि आरोपी पहले भी कई मामलों में जेल जा चूका है। इस संबंध में एसडीपीओ नाला मनोज महतो ने बताया कि आरोपी को फतेहपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। मालूम हो कि नाला थाना क्षेत्र के डाबर गांव में पलाश पेड़ के जंगलों के बीच से पुलिस नें रविवार देर शाम एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची का शव लहूलुहान हालत में बरामद किया था।

## रायना प्ले स्कूल में ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल शाखा की ओर से शाम ए ग़ालिब का आयोजन

**गोड्डा ।** रायना प्ले एंड पब्लिक स्कूल गोड्डा में ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल शाखा गोड्डा जिला की ओर से ÷शाम ए ग़ालिब÷ का आयोजन डॉक्टर फिरोज अख्तर के सदारत में आयोजित किया गया। वहीं सबसे पहले अधिवक्ता अब्दुल कलाम आजाद ने सभी का स्वागत किया और मिर्ज़ा ग़ालिब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मोहम्मद फारूक ने कहा कि मिर्ज़ा ग़ालिब एक बहुत बड़े साहित्यकार थे। वहीं वक्ता के रूप में एजीपी अजीत कुमार सहाय ने मिर्ज़ा ग़ालिब के जन्म से लेकर मृत्यु तक के बारे में बतलाया तथा कहां की इनकी 11000 कविताएं पर्शियन में तथा 1700 कविताएं उर्दू में लिखी गई है। इन्होंने यह भी कहा कि रगों में दौड़ते फिरने के हम नहीं कायल, जब आंख ही से न टपका तो फिर लहू क्या है। वह आए घर में हमारे खुद की कुदरत है कभी हम उनको कभी अपने घर को देखते हैं।इस अवसर पर डॉक्टर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बार-बार होनी चाहिए जिससे हमारा समाज और देश तरक्की की ओर बढ़े।

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय खो- खो टूर्नामेंट सह प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में सोमवार को खो- खो टूर्नामेंट का तीन दिवसीय प्रतियोगिता सह प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, आशीष कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं उक्त आयोजन में उपस्थित अतिथिगणों अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी को जिला खो खो संघ सचिव आर्यन चंद्रवंशी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी श्री उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्रीड़ा सप्ताह समारोह का आयोजन हुआ जिसमें लगभग सभी खेल आयोजित किए गए। वहीं राजकीय मेला समाप्त होने के तुरन्त बाद खो खो खेल का आयोजन हो रहा है जिसमें शामिल होने का एक सुनहरा मौका आप लोगों को मिला है। इस खेल में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर अपनी प्रतिभा को आगे कीजिए और अपना, अपने माता- पिता, अपने जिला, राज्य एवं देश का नाम रौशन कीजिए। वही गोड्डा जिला खो खो संघ अध्यक्ष पंकज कुमार, संयुक्त सचिव सेराज अहमद आदि उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल, दुमका।

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन e-Tender आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/Mech.Div.Dumka/04/2024-25(PR No. 346431 Drinking Water and Sanitation (24-25).Dके ग्रुप सं0–"B"में Cost of BOQ (in Rs.) 5,000.00 (Non-Refundable) के स्थानपरCost of BOQ (in Rs.) 10,000.00 (Non-Refundable) पढ़ा जाय, शेष यथावत् पढ़ा जाय।

चन्दन दूबे
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल,
दुमका।

PR 346548 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

Office-Superintendent, Phulo-Jhano Medical College Hospital (PJMCH) Dumka (Jharkhand)

**URGENT NOTICE INVITING E-TENDER (NIT)**
**Bidding Document No:- 07/2024-25**

1. Superintendent PJMCH, Dumka (Tender inviting Authority-TIA) invites sealed Bids in two part systems for "**Selection of Agency for Providing Nursing Services , Paramedical Staffs & Other Technical Staffs in PJMCH, Dumka**through e-tender as detailed in the Bidding Document under section **Scope of work**.
2. **Brief Scope of Work:-** The aim and objective is to provide **Nursing Services , Paramedical Staffs, Pharmacist Staffs, OtherTechnical &Non Technical Staffs** in the Health Units of the **PJMCH, Dumka** detailed under the section **Scope of work**.
3. **Award Methodology**:- Bidder shall be awarded considering least cost to Name of the Health Institution, Dumka i.e. L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Contractor" refer section No. E on **Instruction to Bidders (ITB).**
4. **Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Date of Publication of Tender on website | 18.02.2025 (1.30 P.M) on www.jharkhandtenders.gov.in |
| b. | Pre-Bid Conference | 25.02.2025 at 1.30 P.M. in the office of the Tender Inviting Authority. |
| c. | Date of Uploading of Final Tender Documents with amendments after pre-bid conference. | 01.03.2025 at 1.30 PM. |
| d. | Date of Start for Submission | 03.03.2025 from 11.30 A.M. |
| e. | Last Date and time for submission of Bids | 10.03.2025 up to 5.00 P.M. |
| f. | Opening of Technical Bid-PART A | 12.03.2025 at 1.30 P.M. in the office of the Tender Inviting Authority. |
| g. | Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 8,00,000.00 (Eight Lacs). Submission Through online Payment Gateway. (Exemption will be allowed as per "Jharkhand Procurement Policy-2014 For Registered Jharkhand OEM MSMEs Firms / Agencies). |

**Superintendent,**
**PJMCH, Dumka.**

PR 346577 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
18 फरवरी 2025, मंगलवार
मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 139
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### दिल्ली व बिहार में भूकंप से कांपी धरती

**नई दिल्ली ।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह आए भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के लोगों ने सोमवार सुबह 5 बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसके ठीक ढाई घंटे बाद बिहार के सीवान में भूकंप आया और लोग घरों से निकलकर बाहर की तरफ भागने लगे। इससे पहले दिल्ली स्टेशन पर भी यही स्थिति थी जहां लोग चिल्लाए और डरकर बाहर भागने लगे। भूकंप की तीव्रता चार मापी गई और भूकंप का केन्द्र राजधानी दिल्ली में जमीन से 5 किलोमीटर नीचे था।

# प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद

## दिल्ली रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद, भीड़ नियंत्रण करने उठाया कदम



**एजेंसी**

**नई दिल्ली/प्रयागराज।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अब काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट नहीं बेचे जाएंगे। वहीं महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने ये दोनों ही निर्णय स्टेशन पर बढ़ती भीड़ और हाल ही में हुई भगदड़ की दुखद घटना को ध्यान में रखते हुए लिया है। दिल्ली रेलवे प्रशासन के अनुसार, अब केवल आरक्षित टिकट धारकों को ही स्टेशन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और वाणिज्यिक कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाई गई है। इसके अतिरिक्त, महाकुंभ के श्रद्धालुओं और अन्य यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विभिन्न इंतजाम किए हैं।

रेलवे द्वारा कई प्रमुख स्टेशनों पर क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं बूथ स्थापित किए गए हैं, ताकि यात्रियों को आवश्यक सहायता मिल सके। साथ ही, टिकट कलेक्टरों, हेड टिकट कलेक्टरों, आरपीएफ और वाणिज्यिक कर्मचारियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। जरूरत पड़ने पर भीड़ नियंत्रण के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाएगा। इसी के साथ रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन पर अनावश्यक भीड़ न बढ़ाएं और अपनी यात्रा की योजना पहले से तय करें। यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महाकुंभ के लिए ट्रेनों में बढ़ती श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन को बंद करने का फैसला लिया है। इसके तहत प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन सोमबार 17 फरवरी से 28 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया।

## काशी में महाकुंभ के जाम से बढ़ रही मुश्किलें, रोज बढ़ रहा तीर्थयात्रियों का दबाव



**वाराणसी ।** काशी में महाकुंभ के तीर्थयात्रियों का दबाव दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को हाइवे से लेकर पूरे शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन सुबह से रात तक प्लेटफॉर्म खचाखच भरे रहे। स्टेशन के बाहरी हिस्से में भी लोग ही लोग नजर आते रहे। ट्रेनों में सवार होने के लिए भीड़ के बेकाबू होने से रह-रहकर भगदड़ मचती रही। वहीं महाकुंभ स्नान के बाद प्रयागराज से वापस लौटने वालों की संख्या भी कम नहीं है। उधर चंदौली के पीडीडीयू (मुगलसराय) रेलवे स्टेशन पर भी सुबह से ही लगभग एक लाख की भीड़ जमा रहने से व्यवस्था चरमरा गई। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। माघ पूर्णिमा के बाद स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए बाहर से आए जो अधिकारी वापस चले गए थे, उन्हें वापस बुलाया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ, जीआरपी के साथ वाणिज्य विभाग, स्वास्थ्य, सिग्नल, कैरेज सहित अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही स्वास्थ्य, सिग्नल, कैरेज सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी लगाए गए हैं। वीकेंड पर करीब 15 लाख श्रद्धालुओं के काशी आने से आधा शहर पैदल श्रद्धालुओं की भीड़ से पटा रहा तो बाकी हिस्से में वाहनों का दबाव बना रहा।

### मदनी मस्जिद पर चला बुलडोजर

## पेश करो उस अधिकारी को जिसने आदेश की अवमानना की : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**कुशीनगर ।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में स्थित मदनी मस्जिद पर बीते दिनों प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया था। बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मस्जिद पक्ष की ओर से एक याचिका दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई कर सुप्रीम कोर्ट ने अब जिम्मेदार अधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही अधिकारियों से दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पूछा है कि क्यों ना जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने कहा कि अगले आदेश तक कोई तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कुशीनगर जिला प्रशासन का बुलडोजर अगले आदेश तक खामोश रहेगा। दरअसल, मस्जिद के एक हिस्से को अवैध बताकर गिराने के लिए उत्तरदायी उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई थी।



इस याचिका में आरोप लगाया गया कि मदनी मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन 13 नवंबर, 2024 को दिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है।

बता दें कि नवंबर 2024 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सूचना और सुनवाई का मौका दिए बिना देश भर में तोड़फोड़ या बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाई गई थी। इस लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी भी की थी।

अब मदनी मस्जिद के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम फिर से आदेश दे रहे हैं कि ऐसा कोई भी कदम हमारे आदेशों का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट ने डीएम सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अवमानना करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। मालूम हो कि मदनी मस्जिद के खिलाफ 9 फरवरी को बुलडोजर एक्शन हुआ था।

## जेलों में बंद 37 कैदियों को रिहा करने का फैसला, सीएम ने दी सहमति



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में झारखंड के अलग-अलग जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा करने का फैसला किया गया।मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में 103 मामलों की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया।बैठक में रिहाई से संबंधित नये मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया, जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत कर दिया गया था।राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की ओर से जिन लोगों की रिहाई की अनुशंसा की गयी थी, उन पर गंभीरता से विचार किया गया।मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति और कोर्ट, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों के मंतव्य की पूरी जानकारी ली।इसके बाद 37 कैदियों को रिहा करने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सहमति दी।

### हेमंत आज 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी ) की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा।नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूजा सिंघल से जुड़े मामले में सुनवाई 21 को

**रांची ।** आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए। वहीं सोमवार को अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

### 19 को तय होगा दिल्ली का सीएम, 20 फरवरी को होगी शपथ !

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेश लौटने बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम जल्द तय हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होगा और दूसरी दिन 20 फरवरी शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा।पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही साफ कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा।

## दुमका : जेपीएससी की तैयारी कर रही युवती ने की आत्महत्या

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दलाही(दुमका) ।** मसलिया थाना क्षेत्र के मसानजोर पंचायत अंतर्गत बड़ाचापुड़िया गांव में रविवार रात्रि को एक 32 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब उठने में देर हुई तो घरवालों ने उठने के लिए आवाज दिया। जब नहीं उठा तो दरबाजा खोला गया । देखा जहां कि जयललिता सोरेन फांसी के फंदे पर झूल रही थी। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का पैतृक घर मसलिया के सुग्गापहाड़ी पंचायत के बेहराबांक गांव है। जिसे बचपन में ही बड़ा चापुड़िया निवासी निसंतान दंपति गोविंद हेम्ब्रम व पत्नी सेवानिवृत्त एएनएम चुड़की सोरेन ने गोद लिया था। जयललिता सोरेन छह बहन व एक भाई में चौथे नंबर पर थी। मृतका का एकलौता भाई राजकिशोर सोरेन व भाभी मीणा हांसदा भी बड़ा चापुड़िया गांव आते जाते रहते थे। जयललिता दुमका शिवपहाड़ में एक भाड़े के कमरे में रहकर जेपीएससी की तैयारी कर रही थी। वह विगत शाम को ही बड़ा चापुड़िया अपने गांव आयी थी। उनसे मिलने उनका भाई व भाभी भी पहुंची थी। रिस्ते में गोद लिए पिता गोविंद हेम्ब्रम ने बताया कि उनका विवाह मसलिया के कठलिया निवासी अरुण हांसदा से तय हुआ था। शादी होने के पूर्व दोनों के संबंधों में दरार आ गयी। लेकिन दोनों में व्हाट्सएप के माध्यम से चेटिंग व वार्तालाप होते रहा। मृतका के भाभी मीणा हांसदा के अनुसार मृतका रात में झुंझलाते हुए कुछ फोटो एवं डाटा डिलीट कर रही थी। सुबह जब यह घटी तो दर्जनों सुसाइड नोट मिला। जिसमें अरुण हांसदा के नाम का जिक्र था। मसलिया थाना प्रभारी धनजंय प्रजापति पहुंचकर घटना की छानबीन में जुटी हुई है। थाना प्रभारी धनजंय प्रजापति ने कहा कि अभी अनुसंधान जारी है। पोस्टमार्टम के लिए शव को दुमका भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### देवघर में शिव बारात की भव्यता को लेकर नगर आयुक्त ने की कार्रवाई

## 48 घंटों के अंदर तीन जर्जर मकान को खाली करने का आदेश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** आगामी शिवरात्रि में आयोजित होने वाली शिव बारात को लेकर नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिससे न केवल शिव बारात की भव्यता और आकर्षण बढ़ेगा, बल्कि शहरवासियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। सोमवार को सहायक नगर आयुक्त के साथ शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने तीन जर्जर मकानों को 48 घंटों के अंदर खाली करने का आदेश दिया। इन मकानों के जर्जर स्थिति के कारण किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया। साथ ही, शिव बारात मार्ग पर स्थित नालों को कंक्रीट स्लैब से ढकने का निर्देश दिया गया, ताकि कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा, नगर आयुक्त ने यह भी आदेश दिया कि शिव बारात के मार्ग पर सभी अतिक्रमण हटाए जाएं और शहर में अतिक्रमण मुक्त रखने का कार्य शिवरात्रि के बाद भी जारी रहे। शहर के विकास और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त ने संबंधित नगर प्रबंधक को इन कार्यों को शीघ्र लागू करने का निर्देश दिया। इन सभी कदमों के साथ, देवघर के शिवरात्रि पर्व में सुरक्षा, संरचना और सौंदर्य के मेल से एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करने की तैयारी चल रही है। शहरवासियों और श्रद्धालुओं को अब शिव बारात में न केवल धार्मिक आस्था की अनुभूति होगी, बल्कि शहर के बेहतर व्यवस्था का भी एहसास होगा।




## झारखंड में झामुमो बनाएगा 50 लाख नए सदस्य

**संवाददाता**

**रांची ।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सोमवार को रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास कोकर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में संजय ठाकुर के साथ विक्की समेत अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मु य रूप से युवा एवं महिलाएं शामिल हैं। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

J.M.M

मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हों ने कहा कि जिस तरह झारखंड की जनता ने भरपूर समर्थन देकर हमारी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पुनः मु यमंत्री बनाया है। पार्टी से विशेष रूप से महिलाएं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है और रांची जिला को 5 लाख का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से अबतक लगभग 3 लाख नए सदस्य बन चुके हैं।

### तीसरी आंख




## छोटे उद्योगों को मदद पहुंचाने के उद्देश्य से गोड्डा सहित राज्य के तीन जिलों का चयन

**संवाददाता**

**रांची ।** आत्मनिर्भर भारत के तहत छोटे उद्योगों को आर्थिक मदद पहुंचाने के उद्देश्य से और उन्हें सशक्त बनाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा झारखंड के तीन जिलों का चयन किया गया है।इस योजना के तहत प्रदेश के तीनों जिलों में मेले का आयोजन किया जाएगा और लाभार्थियों का चयन करके उन्हें आर्थिक रुप से सशक्त बनाने के लिए कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा ताकि इन इकाईयों को उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिले और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बताया कि उनकी विशेष पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के तहत 50 प्रतिशत तक के सब्सिडी का भी प्रावधान है। वहीं इस विषय पर बात करते हुए उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार ने तीन जिलों का चयन किया है। जिसमें गोड्डा, हजारीबाग और जमशेदपुर शामिल है। इसके लिए राज्य सरकार ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। सबसे पहले गोड्डा में मेला लगाया जाएगा। और उसके बाद इस मेले का आयोजन हजारीबाग और जमशेदपुर में किया जाएगा। इस मेले के तहत ऐसी छोटी इकाइयां जो फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी है, उसका चयन किया जाएगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा जाएगा। इस योजना के तहत चुने गए लाभार्थियों को सब्सिडी प्रदान की जाएगी.विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल इस मेले के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। वन डिस्ट्रिक वन फूड योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में खाद्य पदार्थों का चयन कर लिया गया है। इसके तहत छोटे ठेलेवालों से लेकर बहुत छोटे स्तर पर काम कर रहे उद्यमियों को आर्थिक मदद की जाएगी ताकि वे अपने रोजगार को आगे बढ़ा सकें।प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड एंटरप्राइजेज योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के द्वारा आर्थिक मदद प्रदान की जाती है। इस योजना के लाभार्थियों को 50 प्रतिशत की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। जो भी उद्यमी इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं उन्हें प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होता है।

## अदाणी देशभर में 20 स्कूलों की स्थापना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का योगदान देगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** अदाणी समूह ने सोमवार को देशभर में कम से कम 20 स्कूलों के निर्माण के लिए 2,000 करोड़ रुपये का दान देने की घोषणा की। समूह के संस्थापक गौतम अदाणी के छोटे बेटे की शादी के समय समूह ने परमार्थ कार्यों पर 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की थी।

समूह ने पहले अस्पतालों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये और कौशल विकास के लिए 2,000 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की परमार्थ इकाई अदाणी फाउंडेशन ने ''देशभर में शिक्षा के मंदिर स्थापित करने के लिए निजी के-12 शिक्षा में वैश्विक अग्रणी जेम्स एजुकेशन के साथ गठजोड़ किया है।' फाउंडेशन ने बयान में कहा, ''अदाणी परिवार से 2,000 करोड़ रुपये के शुरुआती योगदान के साथ साझेदारी समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा और सीखने के बुनियादी ढांचे को किफायती बनाने को प्राथमिकता देगी।''




इस महीने की शुरुआत में, अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत की शादी के समय सामाजिक कार्यों पर 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई थी। अदाणी फाउंडेशन फिलहाल 19 राज्यों के 6,769 गांवों में काम करता है।

### लैंड फॉर जॉब मामले में सुनवाई टली, लालू के करीबी पर चलेगा केस

**पटना (एजेंसी)।** लैंड फॉर जॉब मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सोमवार को सुनवाई टल गई है। इस मामले में अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। सीबीआई ने कोर्ट की ओर से मांगे स्पष्टीकरण को दाखिल करने के लिए थोड़ा समय मांगा है। 30 जनवरी को कोर्ट ने दो अधिकारियों पर केस चलाने की मंजूरी दी थी। इसमें एक पूर्व आईएएस अधिकारी आरके महाजन थे।

दरअसल महाजन लालू यादव के रेल मंत्री रहते रेलवे बोर्ड में थे। पिछली सुनवाई के दौरान स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर डीपी सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। वकील मनु मिश्रा शारीरिक रुप से कोर्ट के अंदर मौजूद थे। इससे पहले 16 जनवरी को सुनवाई टल गई थी। उस दिन कोर्ट ने एक रेलवे अधिकारी पर केस चलाने की अनुमति नहीं दी थी।

## अमेरिका के अमानवीय व्यवहार पर मोदी चुप

गोदी मीडिया हो या मोदी मीडिया प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी की अमेरिका यात्रा की कामयाबी के यशोगान में लगा है। लेकिन ये देश तभी इस कीर्ति गाथा का हिस्सा बन सकता है जब माननीय मोदी जी खुद प्रेस के सामने विस्तार से अपनी अमेरिका यात्रा का विवरण देश को दें। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि अमेरिका ने अवैध प्रवास के आरोपी भारतीयों को भारत वापस भेजते समय अमानवीयता का रवैया छोड़ा नहीं है। मोदी जी क्या अमेरिका को मानवीयता का पाठ भी नहीं पढ़ा पाए ?

मोदी जी की अमेरिका यात्रा से पूरे देश को तमाम उम्मीदें थीं लेकिन मोदी जी अमेरिका से केवल खरीद-फरोख्त के मसौदों पर दस्तखत कर वापस लौट आए और उनके आगे-पीछे डंकी रुट से अमेरिका गए भारतियों के दल भी भारत भेजे जा रहे हैं।डंकी रूट से अमेरिका गए 116 भारतीयों को लेकर एक विशेष विमान शनिवार 15 फरवरी, 2025 की देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इनमें सबसे ज्यादा पुरुष थे, जिन्हें यात्रा के दौरान हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़ा गया था. निर्वासितों में पंजाब के 67 लोग हैं, जबकि 33 लोग हरियाणा के रहने वाले हैं। हमवतनों को मनुष्यों की तरह विमान से उतरते न देख हर भारतीय का मन उदिग्न है सिवाय सत्तारूढ़ दल के और सत्ता के। बड़ा शोर किया जा रहा है कि मोदी-ट्रम्प भेंट के बाद चीन कोई पिंडलियाँ काँप रहीं हैं, बांग्लादेश की नींद हराम हो गयी है और रूस सकते में है । लेकिन हमें क्या किसी को ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा। हमें तो भारत-अमेरिका के बीच इस भेंट -वार्ता से अनिष्ट ही अनिष्ट दिखाई दे रहा है। अमेरिका ने हमरे ऊपर जो टैरिफ लगाया है वो वापस नहीं हुआ । अमेरिका को हम फूटी कौंड़ी का अपना माल नहीं बेच पाए और अमेरिका ने हमें खटारा लड़ाकू विमानों से लेकर तेल-वेल सब बेच दिखाया। चतुर कौन निकला अमेरिका या भारत ? कहाँ गया माल बेचने का गुजराती कौशल ?

भारत के प्रधानमंत्री का कद शायद पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गाँधी से भी बड़ा है लेकिन हमें इससे हासिल क्या हो रहा है सिवाय जिल्लत के। अभी मोदी जी ने अमेरिका से रवानगी भी नहीं डाली थी की भारत को चुनाव में मिलने विदेशी फंडिग पर हथौड़ा चल गया । एलन मस्क की अगुवाई वाले अमेरिकी सरकारी कार्यदक्षता विभाग [डी ओ जी ई ] ने कई खर्चों में कटौती की है। इसमें भारत के चुनावों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए दिए जाने वाले 2.1 करोड़ डॉलर भी शामिल हैं। बांग?लादेश और नेपाल से जुड़े प्रोजेक?टों की फंडिंग को भी रोकने का ऐलान हुआ है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को इस विभाग का प्रमुख बनाया था। विभाग ने एक्स पर पोस्ट करके इस कटौती की जानकारी दी। अमेरिका ने जो व्यवहार नेपाल और बांग्लादेश कि साथ किया ,वो ही भारत कि साथ किया है। मोदी जी की अमेरिका यात्रा का सुफल ये है कि भारतीय दस्तकारी उत्पादों पर अमेरिका ने 29 फीसदी टैरिफ ठोंक दिया है ,इससे भारतीय कारीगरों की तो जैसे कमर ही टूटने वाली है ,लेकिन मोदी जी अमेरिका का हाथ नहीं रोक पाये । ट्रंप ने भारत पर जवाबी टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगना शुरू कर दिया है। इससे ट्रेड वॉर की टेंशन बढ़ गई है। ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि भारत बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। अमेरिका में स्टील और एल?युनीनियम के आयात पर टैरिफ बढ़ाकर ट्रंप पहले ही भारतीय स्टील निर्यातकों को झटका दे चुके हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप का रुख बहुत सख्त दिख रहा है। वह किसी को बख्शने के मूड में नहीं हैं।

# आस्था के नाम पर कब तक होती रहेगी मौतें !

**अशोक भाटिया**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात में मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ की यह घटना उस समय हुई जब महाकुंभ जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पर इकट्ठा हुए थे। इस दुखद घटना के पहले भी भगदड़ के कारण अनेक लोग हताहत हुए हैं। कुछ सप्ताह पहले प्रयागराज में महाकुंभ में भी भगदड़ मची थी। 29 जनवरी को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ में 36 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए, जब श्रद्धालु मौनी अमावस्या के अवसर पर स्नान करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

दरअसल महाकुम्भ प्रयागराज में भीड़ के कारण भगदड़ मचने से 36 लोगों की मौत के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुम्भ स्नान के लिए जाने वाले 18 श्रद्धालुओं की मौत हो जाना दुखद त्रासदी है। मानव जीवन बेहद अनमोल है। उसे किसी भी स्थिति में कुचला नहीं जाना चाहिए। जो संसार में पैदा होता है उसका संसार से जाना तय है लेकिन मृत्यु वह होनी चाहिए जो नियति ने तय की हो। क्या प्रयागराज त्रासदी के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई मौतों को नियति मान लिया जाए। महाकुम्भ की सफलता का श्रेय केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार ले रही है तो भगदड़ और मौतों का ठीकरा भी उसी के सिर फूटना चाहिए। एक ओर तो महाकुम्भ में 51 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं द्वारा स्नान करने के वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम होने पर उत्सव मनाए जा रहे हैं लेकिन आस्थावान लोगों की मौत का क्या, जिनकी आस्था अधूरी रह गई। शायद यही उनकी नियति है। यह दुखद है कि ऐसे हादसों के बाद बेहतर तैयारियां तथा सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाने के दावे किए जाते हैं, मगर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे।महाकुम्भ में इस बार पहले से ही अनुमान लगाया जा रहा था कि रिकॉर्ड तोड़?श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। सारा दबाव प्रयागराज पर था लेकिन किसी ने अनुमान ही नहीं लगाया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ की स्थिति हो सकती है। धार्मिक श्रद्धा का सवाल पूरी तरह से व्यक्तिगत है और आस्था प्रतिस्पर्धा या उन्माद का सवाल नहीं है लेकिन इस बार आस्थावान लोगों ने महाकुम्भ में स्नान कर पुण्य कमाने या मोक्ष प्राप्त करने की लालसा को उन्माद में बदल दिया। इसी उन्माद में उन्हें भीड़ के पांव तले कुचले जाने को विवश होना पड़ा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ त्रासदी ने सिस्टम के पुराने जख्मों को फिर कुरेद दिया है। कारण कुछ भी रहे हों लेकिन रेलवे प्रशासन भीड़ का प्रबंधन करने में पूरी तरह से नाकाम रहा। श्रद्धालु रेलवे प्रशासन की कुव्यवस्था की नाकामी बता रहे हैं। कोई कह रहा है कि भगदड़ प्लेटफार्म बदलने से हुई, कोई?यह कह रहा है कि महाकुम्भ के लिए भारी प्रचार का परिणाम यही होना था कि करोड़ों लोग डुबकी लगाने पहुंचने लगे और व्यवस्थाएं ध्वस्त होने लगीं।आस्था के नाम से जीवन की यह पहली घटनाएँ नहीं है इसके पूर्व भी आस्था के नाम पर कई घटनाएँ हो चुकी है जिसमें कई आस्थावान श्रधालुओं की जीवन लीला हर ली है । दिल्ली से करीब 200 किलोमीटर दूर उत्तरप्रदेश के हाथरस में बाबा नारायण हरि साकार उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस भगदड़ की न्यायिक जांच कराने का निर्णय लिया है। हादसे के बाद बुधवार को हाथरस पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। योगी ने घटना में साजिश की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''यह हादसा था या कोई साजिश और अगर साजिश थी तो इसमें किसका हाथ है यह जाँच में पता चल जाएगा ।

हालांकि, हाथरस में ही पहली बार ऐसा हादसा हुआ है, ऐसा नहीं है। पहले भी भीड़भाड़ वाले स्थलों खासकर धार्मिक आयोजनों या धार्मिक स्थलों पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। जिसके बाद जांच और कार्रवाई तो होती है पर कोई जिम्मेदार सबक लेता नहीं दिखाई देते है। कई हादसों की तो रिपोर्ट ही सार्वजानिक नहीं होती है ।

आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। एक जनवरी 2022 को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े थे, जिससे भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 12 लोगों की जान चली गई थी, जबकि एक दर्जन घायल हुए थे। ऐसे ही महाराष्ट्र के सतारा में साल 2005 की 25 जनवरी को मंधारदेवी मंदिर में सालाना तीर्थयात्रा के दौरान मची भगदड़ में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचलने से मौत हो गई थी। तीन अक्तूबर 2014 को पटना के गांधी मैदान में दशहरा समारोह के समाप्त होने के बाद भगदड़ में 32 जानें गई थीं। चार मार्च 2010 को उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्थित मनगढ़ में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की जान चली गई थी।

पटना में गंगा के तट पर 19 नवंबर 2012 को छठ पूजा के दौरान अचानक अस्थायी पुल ढहने से भगदड़ मच गई थी। इसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले आठ नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा किनारे हरकी पैड़ी पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थी।

भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने के और भी कई उदाहरण हैं। इसके लिए कहीं न कहीं इंतजामों की कमी भी जिम्मेदार होती है। वास्तव में लोग अपनी-अपनी आस्था के कारण धार्मिक स्थलों या आयोजन में शामिल होना चाहते हैं और इसके लिए वे किसी बात की परवाह नहीं करते। ऐसे में जरा सी भी ऊंच-नीच भगदड़ का कारण बन जाती है। भारी भीड़ के बीच छोटी सी अफवाह भी बड़ा रूप ले लेती है। साल 2011 की 14 जनवरी को केरल के इडुक्की जिले में एक जीप सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं से टकरा गई थी। इसके बाद ऐसी अफवाह फैली, जिससे भगदड़ मच गई और इसमें 104 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी।

देश के कई धार्मिक स्थलों के परिसर तो काफी बड़े हैं पर मुख्य दर्शन या पूजा स्थल काफी छोटे हैं। इसमें एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है।हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की।

धार्मिक आयोजन हों या अन्य कोई आयोजन, जिसमें ऐसी हस्तियां पहुंचती हैं, जिनके कारण भारी भीड़ इकट्ठा हो सकती है तो आयोजक खुद को वीआईपी से भी बड़ा मानने लगते हैं। इसके कारण वे लोगों के साथ मनमानी करते हैं। उन्हें रोकते-टोकते हैं। इसके कारण लोगों में गुस्सा पनपने लगता है और यह किसी न किसी रूप में फूटता है। कई बार पत्थरबाजी और तोड़फोड़ होती है तो कई बार वीआईपी के लिए बनाए गए मंच आदि पर भीड़ चढ़ जाती है। हाथरस की घटना में भी इस तरह का नजारा सामने आने की बात प्रत्यक्षदर्शी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाबा के काफिले को निकालने के लिए वहां मौजूद श्रद्धालुओं को आयोजन की व्यवस्था संभालने लगे लोगों ने रोक दिया था, जबकि वे किसी भी कीमत पर बाबा के पास पहुंचना चाहते थे। आमतौर पर प्रशासन भी ऐसे मामलों की अनदेखी करता है। मौसम का भी ऐसे आयोजनों के दौरान भगदड़ का अहम योगदान होता है। सर्दी, गर्मी हो या फिर बारिश का मौसम भारी भीड़ के कारण आयोजन स्थल पर उमस होती ही है। भीषण सर्दी में भी भीड़ के बीच लोगों के पसीना निकलने लगता है। इससे बचने के लिए वे बाहर निकलने की कोशिश करते हैं। अगर गर्मी का मौसम हो तो उमस उन्हें बेचैन करने लगती है। आयोजन अगर बंद स्थान पर हो रहा हो और ठंडी हवा की व्यवस्था न हो तो हर कोई परेशान हो जाता है। खुले में हो रहे आयोजन के दौरान जरा सी बारिश होने या बूंदें पड़ने पर ही लोग भागने लगते हैं।हाथरस के चश्मदीदों के हवाले से बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल भीषण गर्मी थी। उमस से लोग व्याकुल हो रहे थे और इससे भक्तों को बचाने के लिए उचित प्रबंध नहीं किए गए थे। ऐसे में आयोजन खत्म होने के बाद लोग जल्द से जल्द भीड़ से निकलकर हवादार स्थल या अपने घर पहुंचना चाहते थे। इसी जल्दबाजी में स्थिति और भी विकराल होती चली गई।मालूम हो कि हाथरस वाले मामले में उत्तरप्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''इसमें प्रशासन और पुलिस के सेवानिवृत अधिकारियों को रखकर घटना की तह में जाएंगे और जो भी इसके लिए दोषी होगा उन सभी को सजा दी जाएगी। गौरतलब है कि जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में हुए हादसे के अब 16 साल बीत चुके हैं। हाथरस वाले हादसे की तरह ही मेहरगढ़ दुखांतिका की जांच के लिए हाई कोर्ट के रिटायर जज जस्टिस जसराज चोपड़ा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन हुआ था।

## पाकुड़ की खबरें

### जागरुकता कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी पाकुड़ के रेलवे फाटक से स्वामी विवेकानंद




चौक होते हुए मौलाना अबुल कलाम आजाद चौक तक निकाली गई। इस दौरान नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य पर जागरूक की गई। आज के इस कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा , साइबर ठग से बचाव को लेकर जागरूक की गई। साथ ही नालसा के योजनाओं से के बारे में जानकारी दी गई ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित पर्ची पुस्तिका वितरण किया गया। पीएलवी का संपर्क नंबर दिया गया। मौके पर पीएलवी कमला राय गांगुली, चंद्र शेखर घोष उत्पल मंडल, एजारुल शेख, मैनुल शेख , नीरज कुमार राउत समेत अन्य उपस्थित रहे।

### लाइंस क्लब ने नेत्र जांच शिविर लगायी

महेशपुर (पाकुड़ )लाइन्स क्लव मुरारई और महेशपुर की ओर से सोमवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में छात्रो के बीच चश्मे का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्लस टू हाई स्कूल महेशपुर, डीएवी पब्लिक स्कूल, संत जोसेफ स्कूल और मध्य विद्यालय ग्वालपाड़ा के



छात्रों को चश्मे प्रदान किए गए।लाइन्स क्लव के मुकेश अग्रवाल ने चश्मे वितरित करते हुए कहा कि पिछले महीने लाइन्स क्लव की ओर से क्षेत्र के आधा दर्जन स्कूलों में नेत्र जांच कैंप आयोजित किया गया था, जिसमें सैकड़ों छात्रों की आंखों की जांच की गई। जिन छात्रों की आंखों में समस्या पाई गई, उन्हें निशुल्क चश्मे दिए गए। इस अभियान में स्कूल के शिक्षक भी उपस्थित थे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

### बाराबनी विधायक ने किया वाटर एटीएम का शुभारंभ, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

**चितरंजन।** सालानपुर ब्लॉक के सामडीह ग्राम पंचायत अंतर्गत तीन शीतल पेयजल मशीन का उद्घाटन रविवार आसनसोल नगर निगम मेयर सह बाराबनी विधायक बिधान उपाध्याय ने फीता काटकर किया। इस दौरान मेयर बिधान उपाध्याय ने कहा सामडीह पंचायत के फिफ्टीन एफसी कोष से करीब छह लाख रुपये की लागत से तीन शुद्ध शीतल पेयजल मशीन लगाई गई। ये पेयजल मशीन क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए लगाई गई हैं। जहां बाजार में एक लीटर पानी की कीमत 15 से 20 रुपए है, वहीं आम लोगों को यहाँ पेयजल मुफ्त में मिलेगा। इस दौरान सामडीह पंचायत के प्रधान अनामिका मंडल ने कहा गर्मी को देखते हुए क्षेत्र की जनता की सुविधा को ध्यान में रखते तीन मशीनें लगाई गई हैं, जिसमें एक सामडीह बथानपारा उपस्वास्थ्य केंद्र, एक सामडीह दुर्गा मंदिर से सटे सड़क किनारे और दूसरी मां मुक्ता चंडी सामुदायिक भवन में लगाई गई है। मौके पर जिला परिषद कर्मध्यक्ष मोहम्मद अरमान, सालानपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष कैलास पति मंडल, समाज सेवी भोला सिंह, स्वपन मंडल आदि मौजूद थे।

### एराइज चिल्ड्रन एकेडमी हरिगंज में हर्षोल्लास के साथ वार्षिक खेलकूद संपन्न

**पाकुड़ ।** एराइज चिल्ड्रन एकेडमी हरिगंज, पाकुड़ में चल रहे वार्षिक को खेलकूद उत्सव उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन वहां उपस्थित अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने 100 मीटर



दौड़, क्विज कॉम्पीटिशन, बोरी रेस, मेथ रेस, हांडी फोड़, बेलून बस्टिंग, चम्मच रेस, फ्रॉग, म्यूजिकल चेयर रेस, सामान्य ज्ञान आदि की प्रतियोगिता कराया गया जिसमें बच्चों ने बढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्राइवेट एसोसिएशन के जिला सचिव राजकुमार भगत, विशिष्ठ अतिथि पंचायत समिति सदस्य मो. नूरइस्लाम शेख, सहित विभिन्न विद्यालयों के निदेशक मनोज भगत, फेकारुल शेख, जय दत्ता, अजीजुर इस्लाम, जौहर शेख, आरिफ हुसैन, रैहान राही, शेख, नूर आलम आदि अतिथि उपस्थित थे।

## सखी दीदियों से विधायक ने किया संवाद, 19 आदिवासी छात्र-छात्राओं को मिल रहा पायलट प्रशिक्षण

**संवाददाता संताल एक्सप्रेस**

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)प्रखंड के तालीडीह स्थित हेलीपैड मैदान में सोमवार को जेएसएलपीएस द्वारा सखी मंडल के सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हेमलाल मुर्मू ने सखी दीदियों से बातचीत कर उनके अनुभव सुने और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाज व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संवाद के दौरान सखी मंडल की कई सदस्यों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। बैंक सखी अग्नेश सोरेन ने बताया कि 2015 में जेएसएलपीएस से जुड़ने के बाद उन्होंने 50 हजार का लोन लिया और विभिन्न कार्य शुरू किए। वर्तमान में वे बीओआई शाखा में रहकर महिलाओं को बैंकिंग सेवा में




मदद कर रही हैं। विनीता मरांडी ने बताया कि उन्होंने एसएचजी ग्रुप से 15 हजार का लोन लेकर गांव में एक दुकान खोली। बाद में 50 हजार का लोन लेकर व्यापार को बढ़ाया और अब अच्छी कमाई कर रही हैं। हेलेन सोरेन ने 50 हजार का लोन लेकर बकरी व सुअर पालन शुरू किया और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनीं। चंचला देवी ने कहा कि कमल फूल आजीविका सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने सिलाई का प्रशिक्षण लिया और अब महिलाओं के परिधान सिलकर हर महीने 10 हजार रुपये तक कमा रही हैं। अन्य कई महिलाओं ने बताया कि उन्होंने लोन लेकर मुर्गी, बकरी व सुअर पालन कर अपनी आजीविका को मजबूत किया है।

उन्होंने आदिवासी समाज में व्याप्त नशे की समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए लोगों से हड़िया-दारू से दूर रहने और अपने जीवन को संवारने की अपील की। इसके अलावा, विधायक ने घोषणा की कि राज्य सरकार 19 आदिवासी छात्र-छात्राओं को पायलट बनने का मुफ्त प्रशिक्षण दे रही है, जो समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। विधायक ने बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता को निर्देश दिया कि वे पशुपालन विभाग से समन्वय कर मुर्गी पालन और सुअर पालन के कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करें ताकि इससे अधिक से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकें।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जुहीप्रिया मरांडी, सीओ औसाफ अहमद खां, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खालिद अहमद, जेएसएलपीएस के महेंद्र करमाली, बरहरवा बीपीएम फैज आलम, अमड़ापाड़ा बीपीएम योगेंद्र कुमार, बीपीओ राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### फाइलेरिया की दवा खाने से कई बच्चों का बिगड़ा तबियत, डॉक्टर ने कहा सभी बच्चे है नार्मल

**संताल एक्सप्रेस लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** उत्क्रमित मध्य विद्यालय झेनागाडिया के बच्चो को सोमवार को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने से एक दर्जन से अधिक बच्चो का तवयत बिगड़ने लगा। ग्रामीणों अभिभावक ने बच्चों का तबियत बिगड़ते देख काफी हंगामा करने लगा और स्वास्थ्य कर्मियों को विद्यालय में ही बंधक बनाकर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सक डॉ मुकेश बेसरा, मौके पर पहुंच ने ग्रामीणों को समझाया की फाइलेरिया का दवा खाने से शरीर हल्का झींझिनता है और उल्टी जैसा महसूस होता है।इससे घबड़ाना नही है पर ग्रामीण डॉ व नर्स की बात को मानने व सुनने से इंकार कर कहने लगा कि किसके आदेश पर हमारे बच्चो को फाइलेरिया का दवा खिलाए, जबतक बच्चा ठीक नही होता है आप लोगो को यहाँ से जाने नही देंगे।ततपश्चात डॉ मुकेश ने बीडीओ संजय कुमार व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को जानकारी दिया। विद्यालय में पहुचकर बीडीओ व थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाने के पश्चात ग्रामीणों ने नर्स सीलु शालिनी मुर्मू, रिंकू ऋषि हेम्ब्रम एमपीडब्लू चारलेश किस्कू को छोड़ा और तथाकथित पीड़ित बच्चे कक्षा दूसरा, तीसरा व चतुर्थ के लगभग 19 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती किया गया। सभी इलाज चल रहा है।डॉ मुकेश बेसरा ने बताया कि दवा खाने से किसी भी बच्चे को कुछ भी नही हुआ है,दवा खाने से केवल कुछ बच्चे को उल्टी जैसा लग रहा था और अभी तक किसी भी बच्चे को उल्टी ओर न कोई दूसरी हरकत हुई है।वेवजह ग्रामीणों ने हमारे स्वस्थ कर्मियों के साथ गलत व्यवहार किया है।

### ग्राम प्रधानों के साथ बैठक में पानी टंकी निर्माण स्थल को ले बनी सहमति

हिरणपुर (पाकुड़)।हिरणपुर अंतर्गत बरमसिया में पानी टँकी निर्माण स्थल को लेकर हुई विवाद को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें बीडीओ टुडू दिलीप , अंचलाधिकारी मनोज कुमार , थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बताते चले कि जलजीवन मिशन के तहत बरमसिया स्थित पहाड़ में दाग संख्या 31 पर पानी टँकी निर्माण को लेकर अंचलाधिकारी के द्वारा स्थल का चयन किया गया था। इसको लेकर बीते 13 फरवरी को सीओ सहित थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह व डिडब्लूएसडी के पदाधिकारी स्थल निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां कुछ ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा था कि ग्रामीणों के साथ बैठज होने के उपरांत ही निर्माण कार्य प्रारम्भ होने दी जाएगी। इस निर्माण स्थल को लेकर ग्रामीणों को विश्वास में नही लिया गया। इसको लेकर आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान दिलीप बेसरा बरमसिया , विप्लब् दे दुलमी , लाला यादव तुरसाडीह , सोनु मराण्डी छोटा केंदुआ , रानू रंजन मुर्मू बड़ा केंदुआ सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। जहां ग्रामीणों ने कहा कि जिस जगह निर्माण स्थल के रूप में चयन हुआ है , वह ग्रामीणों की पूजा स्थल है। जिसको लेकर ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों की सहमति से निर्णय ली गई कि पूजा स्थल को छोड़कर पहाड़ में ही करीब 50 से 100 मीटर की दूरी पर जलमीनार का निर्माण किया जाय।

### बिना पंजीकृत नर्सिंग होम एवं रक्त परीक्षण केंद्रों की जांच आवश्यक

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** पाकुड़ जिले में कतिपय बिना मान्यता के कई क्लिनिक मिली भगत से चल रहे हैं । सबके लिए अलग-अलग दर दाम तय है। यह एक अनुसंधान का विषय है कि जिले में कितने क्लीनिक नर्सिंग होम अवैध रूप से बिना किसी पंजीकरण के चल रहे हैं। क्योंकि सूचना मिलते ही यह सब क्लिनिक भूमिगत हो जाते हैं। क्यों हो जाते हैं? कैसे हो जाते हैं ? यह किसी से छुपी नहीं है । बिना पंजीकरण के चलने वाले नर्सिंग होम की सूचना सरकार और प्रशासन को नहीं है। जिसे मां0 उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है और इस पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है ? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में चलने वाले कई नर्सिंग होम में कार्यरत नर्स बिना किसी प्रशिक्षण के अपनी सेवा दे रही है। नर्सिंग होम खोलने के लिए, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2017 के तहत पंजीकरण कराना ज़रूरी है। कई नर्सिंग होम ऐसे हैं जो, उन लोगों को भी भर्ती करते हैं जिन्हें भर्ती कराने की ज़रूरत नहीं है। नर्सिंग होम से संबंधित आवश्यक सुविधा, उपकरण एवं उचित चिकित्सक ना होने के बावजूद भी नर्सिंग होम चलते हैं? इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए । इतना ही नहीं चिकित्सकों को हर इलाज की तय शुल्क तालिका भी लगाना चाहिए। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि जिले में कई क्लीनिक एवं चिकित्सक जो दवा लिखते हैं वह बाजार में उपलब्ध नहीं होता है । यूं कहे को कंपनी मेड दवा नहीं होता है। उसका कुछ अलग नाम दिया गया है। यह केवल उन्हीं के क्लीनिक में मिलेगा जहां वह इलाज कर रहे हैं। जो दवा काफी महंगे होते हैं। जबकि बाजार में अच्छी से अच्छी कंपनियों की दवा 15 से 20त्न छूट पर मिल जाते हैं। पर क्लिनिक दवा पूर्ण शुल्क देखकर प्राप्त होता है। कई मामले रक्त परीक्षण के भी आते हैं ।अनावश्यक रूप से कई रक्त परीक्षण चिकित्सकों द्वारा कराए जाते हैं, जिसकी कोई भी आवश्यकता नहीं है। बदले में उनकी आपसी तालमेल रहता है। केवल नर्सिंग होम ही नहीं बल्कि नर्सिंग होम के साथ-साथ रक्त परीक्षण केंद्रों की भी जांच की आवश्यकता है। इसकी संज्ञान लेना चाहिए।

### यातायात निरीक्षक का स्थानांतरण, ईजरप्पा ने दी विदाई

**पाकुड़ ।** यातायात निरीक्षक(प्रतीवीक्षक) पूर्व रेलवे पाकुड़ के पद पर 30 वर्षो से कार्यरत ज्योतिर्मयी साहा का स्थानांतरण हावड़ा कर दिया गया है। इस अवसर पर स्थानांतरित यातायात निरीक्षक (प्रतीवीक्षक)को ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव राणा



शुक्ला,सह सचिव अनिकेत गोस्वामी, स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेंब्रम, यातायात निरीक्षक प्रतिवीक्षक,प्रवीण कुमार,यातायात निरीक्षक कोल नितीश कुमार ने शाल ओढ़ाकर एवं अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनको सम्मानित किया भावपूर्ण विदाई की गई।इस विदाई की बेला में सभी की आंखें नम थी। पूर्व वार्ड पार्षद बेला मजुमदार ने विदाई गीत का गायन किया।

### दो पीसीसी सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

**संताल एक्सप्रेस लिट्टीपाड़ा** (पाकुड़) लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने सोमवार को प्रखंड के सुराजबेडा पंचायत के सुराजबेडा गांव में लघु सिंचाई प्रमंडल पाकुड़ के द्वारा निर्माण होने वाले दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। जिसमे सुराजबेडा



पीडब्ल्यूडी सड़क से पंचायत भवन तक पीसीसी सड़क जिसका प्राक्कलित राशि 13,33,210 रुपए से बनाया जाएगा।वही दूसरी योजना पंचायत भवन से मोहनपुर गरम पानी तक 33 लाख की लागत से पीसीसी सड़क का शिल्यानास किया । इससे पूर्व उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। लोगो को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारा और सरकार का मुख्य लक्ष्य है।

### हाइवा में लगी भीषण आग, बचा चालक व खलासी

हिरणपुर (पाकुड़ ) थाना क्षेत्र के सिमलढाब गांव के निकट एक हाईवा वाहन का वायरिंग तार में शॉर्ट सर्किट होने से जलकर राख हो गया।हालांकि इस दुर्घटना में किसी तरह की जानमाल की नुकसान नहीं हुई है। बताया जाता है कि हाईवा पाकुड़ की ओर से आ रही थी। वहीं एक ऋशर के पास रुका इसके कुछ देर बाद वाहन में वायरिंग तार शॉर्ट सर्किट हो गया।इससे वाहन में तुरंत आग लग गई, जो देखते ही देखते पूरे वाहन में फैल गई। वही चाक व खलासी बाल -बाल बच गया।स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया।

### राजद कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई

मिहिजाम- बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर



माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा, ÷कर्पूरी ठाकुर का योगदान भारतीय राजनीति और समाज के लिए अमूल्य है। वे सदैव वंचितों, शोषितों और गरीबों की आवाज बने रहे। उनकी पुण्यतिथि पूरे राज्य में पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुसार मनाई जा रही है। हम हर वर्ष यह आयोजन कर उनके विचारों को याद करते हैं।÷ श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश व्यवसाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रदीप बजाज, गुड्डू यादव, अखिलेश सिंह, उमा यादव, पप्पू यादव, उत्तम सिन्हा, धर्मेंद्र यादव, डब्ल्यू यादव, भारत यादव, अरविंद राम, चंदन यादव, रामबालक यादव, रामलाल यादव, गोपी पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

### झामुमो की सदस्यता अभियान को लेकर नगर कमेटी ने की बैठक

पाकुड़ ।झामुमो की सदस्यता अभियान को लेकर आज नगर कार्यालय पाकुड़ में संचालक समिति के प्रमुख मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य रुप से झामुमो की सदस्यता अभियान युद्ध स्तर पर चला कर सदस्यता पंजी जल्द से जल्द जमा करने एवं वार्ड कमेटी का गठन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्ति करना का फैसला लिया गया। बैठक में संयोजक मंडली के सदस्यों ने भाग लिया एवं अपना मंतव्य रखा बैठक में मुकेश कुमार सिंह संचालन समिति के प्रमुख के निगरानी में सभी वार्ड में पर्यवेक्षक नियुक्ति की गई। मौके पर जहूर आलम ,नूर आलम ,अब्दुल हलीम अंसारी , रियाज अंसारी ,कमल रावत ,पिंटू गुप्ता ,राजेश यादव, वीरू घोष, तनवीर हुसैन, इस्माइल हक, अब्दुल हलीम, नसीम अंसारी सहित अन्य सभी सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**पूर्व रेलवे**

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-85-24; माहित 14.02.2025;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको फान्डाव बाखरा विद्युत ठिकादारी रेयाक् वैध लाइसेंस मेनाक्को आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्को ठिकादारको ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुम सांवते ओना रेयाक् जायगाः** आसनसोल मंडलः आसनसोल मंडल तारी रे जुदा-जुदा रेलवे स्टेशनको रे रखरखाव मुक्त अर्थ पिट बेबोसता रेयाक् प्रावधान सांवते जुदा-जुदा सेवा भवनको, सब-स्टेशन, यार्ड, रेलवे कॉलोनी, कोचिंग कॉमप्लेक्स, लोको शेट रे मारे अर्थिंग बाईसाउ सांवते एमान तेयाक् बिजली कामीको (चरण-1)। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 4,16,74,348.23; **बायना पायसाः** रु. 3,58,400; **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः शून्य। कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 09 चान्दो। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 10.03.2025 हिलोक् सेताक् 11.00 बजे। पुराउ बिवरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट www.ireps.gov.in रे जेल दाड़ेयाक्आ।

**(ASN-333/2024-25)**

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट www.er.indiarailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasterRailway @easternrailwayheadquarter

# शिव बारात की तैयारी जोरों पर, देवघर प्रशासन ने दिए सुरक्षा और सफाई के कड़े निर्देश



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** महाशिवरात्रि महापर्व के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। डीसी विशाल सागर के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार ने शिव बारात मार्ग का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया।

**शिव बारात मार्ग का विशेष निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने फव्वारा चौक, प्राइवेट बस स्टैंड, बाजला चौक, टावर चौक, आजाद चौक समेत विभिन्न मार्गों का दौरा किया और नगर निगम, अभियंता व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**साफ-सफाई और अतिक्रमण हटाने के निर्देश**

अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने निरीक्षण के दौरान विद्युत पोल और तारों की जांच,सभी सड़कों व नालों की सफाई सुनिश्चित करना,पुराने और जर्जर मकानों की सुरक्षा जांच,शिव बारात मार्ग से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाशिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस दौरान नगर निगम, बिजली विभाग, ट्रैफिक पुलिस और अन्य प्रशासनिक टीमें मौजूद थीं।

देवघर प्रशासन महाशिवरात्रि को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। शिव बारात के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।


## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED

(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Office of the Dy. General Manager (Tech)
Electric Supply Circle, Dumka

**Short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two part (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non-refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 318/PR/JBVNL/2024-25 | Renovation of damaged boundary wall & water supply system for colony & office at Jamtara, Dumka | 9,72,850.00 | 48,700.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) 1,475.00 | 90 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 18.02.2025 from 5.00 P.M. |
| Last date and time for invite bid submission/uploading of specified document. | 01.03.2025 up to 5.00 P.M. |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 03.03.2025 at 2.30 P.M. |
| Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part) | Will be communicated further |
| Tendering Officer and address for communication | DGM(T), Electric Supply Circle, Mahuadangal, Dumka |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhand tenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2. The cost of BOQ and earnest money must be deposited through online mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 346584 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D

Sd/-
Dy. General Manager (Tech)
Electric Supply Circle, Dumka


# देवघर में मोटर पंप चोरी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

- छह चोरी के मोटर पंप बरामद, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** जिले के करौं थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटर पंप चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 17 फरवरी को पंचगड़िया मुख्य सड़क के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को धर दबोचा। उसके पास से दो मोटर पंप बरामद किए गए। गहन पूछताछ के बाद उसके घर पर छापेमारी की गई, जहां से चार और चोरी के मोटर पंप बरामद हुए। अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़ा हो सकता है आरोपी गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बिनोद सिंह (55 वर्ष) के रूप में हुई है, जो जमुई, बिहार का रहने वाला है और फिलहाल करौं, देवघर में रह रहा था। पुलिस को संदेह है कि यह चोरी किसी बड़े गिरोह से जुड़ी हो सकती है, क्योंकि इतने अलग-अलग कंपनियों के मोटर पंप एक ही व्यक्ति के पास मिलना किसी बड़े रैकेट की ओर इशारा करता है। चोरी के सामानों में वरुणा कंपनी का लाल रंग का मोटर पंप,वरुणा कंपनी का बैंगनी रंग का मोटर पंप,वरुणा कंपनी का नारंगी रंग का मोटर पंप,मोनो सेट पंप कंपनी का हरा रंग का मोटर पंप, सिल्वरफ्लो कंपनी का गुलाबी रंग का मोटर पंप टेकमो कंपनी का पीले रंग की पट्टी लगा मोटर पंप जब्त किया है। इस मामले में करौं थाना में कांड संख्या 12/2025 दर्ज कर लिया गया है।


## Nagar Parishad, Pakur

**Very Short Tender No.- E- Tender /NPP/11/2024-25**

| SL No | Name of the Work (Tied) | Estimated Cost ( Rs. ) | Tender Doccum-ent Fee | EMD | Time Of Compl-ition | Start date of Sale of Tender Doccument | Close date of Sale of Tender Doccument | Date of Opening of tender | Name and adress of the office inviting tender | Contact No. of Procurement officer | Helpline No. for E-Procurement Cell |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed construction of increasing the height and repair work of the Boundary wall of Sido Kanhu Murmu Park Under Nagar Parishad, Pakur (District Untied Fund) | 24,70,764.00 | 5000.00 | 50000-00 | 60 Days | 25.02.25 at 10:00 am | 03.03.25 5:00 pm | 04.03.25 till 3:00 pm | Executive Officer Nagar Parishad, Pakur | 97711 98870 | 70047 92039 |

नोट :– नियम एवं शर्तें Jharkhandtenders.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, पाकुड़

PR 346571 Urban Development(24-25).D


# युवक को सिर पर मारा मुक्का, इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. बारीक उर्फ मो. खुबराज के रूप में हुई है, जो मधुपुर थाना क्षेत्र के पनाहकोला का निवासी था। मृतक के भाई मो. आरिफ उर्फ मो. साहेब ने पुलिस को बयान देते हुए कहा कि 16 फरवरी की शाम करीब 8 बजे उनका भाई पनाहकोला मोड़ के पास स्थित अफजल चाय दुकान में चाय पी रहा था। तभी पनाहकोला निवासी मो. गोलू ने बिना किसी कारण के गाली-गालौज करते हुए उनके भाई के मुँह पर मुक्का मारा। मुक्का लगने के बाद उनका भाई लड़खड़ा कर सिर के बल गिर गया, जिससे उसकी सिर में गंभीर चोट आई और काफी ज्यादा खून बहने लगा। आनन-फानन में मृतक को मधुपुर अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया, जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे देवघर सदर अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

नगर थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, और बाद में शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

मृतक के परिवार के सदस्य इस घटना को लेकर गहरे सदमे में हैं और मामले की न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस अब मौके पर जुटाई गई जानकारी और साक्षियों के बयान के आधार पर संदिग्ध परिस्थितियों का पता लगाने में जुटी है।

# साइबर ठगों का नेटवर्क उजागर, देवघर पुलिस ने ठगी के रैकेट का किया पर्दाफाश

## 4 साइबर ठग गिरफ्तार और एक किशोर निरुद्ध

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** देवघर पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सारठ थाना क्षेत्र के जंगल झाड़ी से 4 साइबर ठगों को गिरफ्तार और एक किशोर को निरूद्ध किया है। यह गिरोह फर्जी कस्टमर केयर सेवाओं के नाम पर आम जनता को ठगने का काम कर रहा था। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से 6 मोबाइल, 3 सिम कार्ड, और 1 प्रतिबंधित सिम कार्ड बरामद किया है।

**कैसे काम कर रहा था साइबर ठगी का गिरोह**

साइबर अपराधियों की ठगी की तकनीक में अपराधी अपने फर्जी कस्टमर केयर नंबर को गूगल पर अपलोड करते थे और फिर लोगों को झांसा देते थे कि वे वास्तविक कस्टमर केयर से बात कर रहे हैं। फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर बनकर ठगी~ ये अपराधी फोन पे और पेटीएम के कस्टमर केयर के नाम पर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर फर्जी गिफ्ट कार्ड बनवाते थे और फिर उसे रिडीम कर ठगी करते थे।ये साइबर अपराधी एयरटेल पेमेंट बैंक के फर्जी पदाधिकारी बनकर लोगों को ठगते थे। वे उपभोक्ताओं को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से झांसा देते थे और फिर बैंक कार्ड को बंद करवा कर उसे फिर से चालू करने के नाम पर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपी में सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत सगरूबाद गांव निवासी राहुल कुमार दास,19 वर्ष पिता बबलू महरा,गोबरशाला गांव निवासी श्रीराम महरा 29 वर्ष,पिता मथुरा महरा,सगरूबाद गांव निवासी अजीत दास,25 वर्ष पिता बिदेशी महरा,गोबरशाला गांव निवासी चीतो दास, 29 वर्ष पिता स्व0 नकुल दास को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया है।

छापामारी टीम में साईबर थाना के पु0नि0 सुकांत त्रिपाठी,पु0अ0नि0, अजय कुमार, सारठ थाना प्रभारी सुरज कुमार शामिल थे।


## झारखण्ड सरकार

**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, (उप निदेशक कल्याण, कार्यालय, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका)**

**(नामांकन संबंधी रिक्ति की सूचना)**

आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–202 दिनांक–28.01.2025 एवं ज्ञापांक–273 दिनांक–06.02.2025 के निदेशानुसार संथाल परगना प्रमण्डल में विभागान्तर्गत संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम आवासीय विद्यालय, पी0भी0टी0जी0 आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र–2025–26 में कक्षा–I, VI, VII एवं VIII में रिक्ति के विरूद्व विद्यालयों में नामांकन हेतु संबंधित जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार **(संभावित)** वर्गवार रिक्ति की सूची निम्नरूपेण है :–

| क्रं0 | जिला | विद्यालय का नाम | कोटि | छात्रबल | वर्गवार रिक्ति I | VI | VII | VIII |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| (i) एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय। | | | | | | | | |
| 1 | दुमका | एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विद्यालय, काठीजोरिया। | बालिका | 60 | – | 60 | – | – |
| 2 | | एकलव्य मॉडल आवासयी उच्च विद्यालय, फिटकोरिया (कांठीकुण्ड)। | बालक | 90 | – | 14 | 0 | 08 |
| | | | बालिका | 90 | – | 30 | 30 | 30 |
| 3 | | एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विद्यालय, मसलिया। | बालक | 90 | – | 30 | 30 | 30 |
| | | | बालिका | 90 | – | 30 | 30 | 30 |
| 4 | पाकुड़ | एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विद्यालय, लिट्टीपाड़ा। | बालक | 480 | – | 30 | 30 | 30 |
| | | | बालिका | | – | 30 | 30 | 30 |
| 5 | | एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विद्यालय, पाकुड़िया। | बालक | 480 | – | 30 | 30 | 30 |
| | | | बालिका | | – | 30 | 30 | 30 |
| 6 | गोड्डा | एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, तसरिया (सुन्दरपहाड़ी। | बालिका | 60 | – | 60 | 03 | 02 |
| 7 | जामताड़ा | एललव्य मॉडल आवासीय उच्च विद्यालय, फतेहपुर। | बालक | 90 | – | 30 | 30 | 30 |
| | | | बालिका | 90 | – | 30 | 12 | 01 |
| 8 | साहेबगंज | एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विद्यालय, भोगनाडीह, (बरहेट)। | बालक | 60 | – | 60 | – | – |
| (ii) आश्रम आवासीय विद्यालय। | | | | | | | | |
| 8 | पाकुड़ | आश्रम आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, अमड़ापाड़ा। | बालिका | 40 | – | 40 | – | – |
| 9 | जामताड़ा | आश्रम आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, पर्वत बिहार, जामताड़ा। | बालिका | 40 | – | 40 | – | – |
| (iii) पी0भी0टी0जी0 आवासीय विद्यालय। | | | | | | | | |
| 10 | दुमका | पी0भी0टी0जी0 आवासीय बालक प्राथमिक विद्यालय, बड़ाचापुड़िया, शिकारीपाड़ा। | बालक | 20 | 20 | – | – | – |
| 11 | | आवासीय बालक प्राथमिक विद्यालय, थानपुर, जामा। | बालक | 15 | 15 | – | – | – |
| 12 | गोड्डा | पी0भी0टी0जी0 आवासीय बालिका विद्यालय, सुन्दरपहाड़ी। | बालिका | 20 | कक्षा–1 में 20, कक्षा–2, में 0, कक्षा–3 में 20, कक्षा–4 में 20, एवं कक्षा–5 में 20 | | | |
| 13 | पाकुड़ | पी0भी0टी0जी0 आवासीय बालक प्राथमिक विद्यालय, धनगढ़ा। | बालक | 20 | 20 | – | – | – |
| 14 | | अनुसूचित जाति आवासीय बालक प्राथमिक विद्यालय, किताझोर। | बालक | 15 | 15 | – | – | – |
| 15 | | पी0भी0टी0जी0 आवासीय बालक विद्यालय, धुंधापहाड़ी, लिट्टीपाड़ा। | बालक | 20 | 20 | – | – | – |
| 16 | साहेबगंज | पी0भी0टी0जी0 आवासीय बालिका विद्यालय, बरहेट। | बालिका | 100 | कक्षा–1 में 20, कक्षा–2, में 20, कक्षा–3 में 20, कक्षा–4 में 20, एवं कक्षा–5 में 20 | | | |
| 17 | | पी0भी0टी0जी0 आवासीय बालक विद्यालय, करमपहाड़। | बालक | 100 | 20 | – | – | – |
| (iv) अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय। | | | | | | | | |
| 18 | दुमका | पिछड़ी जाति आ0 +2 बालिका उच्च विद्यालय, कुरूवा, दुमका। | बालिका | 40 | – | 40 | – | – |
| 19 | | अनु0ज0जा0 आवासीय बालक +2 उच्च विद्यालय, इन्दरवनी। | बालक | 40 | – | – | 40 | – |
| 20 | | अनु0ज0जा0 आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, करहड़बील। | बालिका | 88 | 16 | – | – | – |
| | | | | 160 | – | – | 24 | – |
| 21 | | अनु0ज0जा0 आवासीय बालक उच्च विद्यालय, गोपीकान्दर। | बालक | 88 | 17 | – | – | – |
| | | | | 160 | – | – | 29 | – |
| 22 | | अनु0ज0जा0आ0 बालका उच्च उत्क्रमित विद्यालय, नकटी। | बालिका | 88 | 08 | – | – | – |
| | | | | 160 | – | – | 30 | 03 |
| 23 | | अनु0ज0जा0 आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आसनसोल। | बालक | 88 | 09 | – | – | – |
| 24 | | अनु0ज0जा0 आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मंझियाड़ा। | बालक | 88 | 11 | – | – | – |
| 25 | | अनु0ज0जा0 आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आसनपहाड़ी | बालक | 88 | 08 | – | – | – |
| 26 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गुम्मापहाड़ी। | बालक | 88 | 09 | – | – | – |
| 27 | | अनु0ज0जा0 आ0 बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कैराबनी। | बालिका | 88 | 20 | – | – | – |
| 28 | | अनु0ज0जा0 आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ऊपरमुर्गाथली। | बालक | 88 | 30 | – | – | – |
| 29 | | अनु0ज0जा0आ0बा0 उत्क्रमित उ0 विद्यालय,लखनपरु स्थित रामगढ़। | बालक | 88 | 13 | – | – | – |
| 30 | | अनु0ज0जा0 आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मसलिया। | बालक | 88 | 08 | – | – | – |
| 31 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, महरा जरमुण्डी। | बालक | 88 | 11 | – | – | – |
| 32 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शिकारीपाड़ा। | बालक | 88 | 21 | – | – | – |
| 33 | देवघर | अनु0जा0आ0 बालक +2 उच्च विद्यालय, लेड़वा (मधुपुर) देवघर। | बालक | 88 | 16 | – | – | – |
| | | | | 160 | – | 08 | 11 | – |
| 34 | पाकुड़ | अनु0ज0जा0आ0 बालक उच्च विद्यालय, हिरणपुर, पाकुड़। | बालक | 30 | 30 | 05 | – | – |
| 35 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डूमरचीर। | बालक | 18 | 18 | – | – | – |
| 36 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुंजबोना। | बालक | 15 | 15 | – | – | – |
| 37 | गोड्डा | अनु0ज0जा0 आवासीय बालक उच्च विद्यालय, धमनी, गोड्डा। | बालक | 300 | 27 | – | – | – |
| 38 | | अनु0ज0जा0 आवासीय बालिका उत्क्रमित उ0 विद्यालय, रतनपुर। | बालिका | 88 | 16 | – | – | – |
| 39 | | अनु0ज0जा0आ0 बालिका उत्क्रमित विद्यालय,डांगापाड़ा। | बालक | 88 | 20 | – | – | – |
| 40 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कार्तिक भीट्टा। | बालक | 88 | 07 | – | – | – |
| 41 | | अनु0ज0जा0आ0बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कोर्टिका। | बालक | 88 | 14 | – | – | – |
| 42 | | अनु0ज0जा0आ0 बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बोआरीजोर। | बालिका | 88 | 15 | – | – | – |
| 43 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गाम्हारो। | बालक | 88 | 14 | – | – | – |
| 44 | साहेबगंज | अनु0ज0जा0आ0 बालक उच्च विद्यालय, वृन्दावन, साहेबगंज। | बालक | 88 | 18 | – | – | – |
| | | | | 160 | – | – | 23 | |
| 46 | | अनु0ज0जा0आ0 बालिका उच्च विद्यालय, बरहेट, साहेबगंज। | बालिका | 88 | 15 | – | – | – |
| | | | | 190 | – | – | 24 | – |
| 47 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उच्च विद्यालय, बांझी, साहेबगंज। | बालक | 300 | 37 | – | – | – |
| 48 | | अनु0ज0जा0आ0बालिका उच्च विद्यालय, बन्दरकोला, साहेबगंज। | बालिका | 88 | 10 | – | – | – |
| | | | | 160 | – | – | 22 | – |
| 49 | | अनु0ज0जा0आ0बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, धमधमियाँ। | बालक | 88 | 15 | – | – | – |
| 50 | | अनु0ज0जा0आ0 बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अम्बेरी। | बालिका | 88 | 21 | – | – | – |
| 51 | | अनु0ज0जा0आ0बा0 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अरगौरी। | बालक | 88 | 16 | – | – | – |
| 52 | | अनु0ज0जा0आ0बा0 उम्क्रमित उच्च विद्यालय, करमपहाड़। | बालक | 60 | 14 | – | – | – |
| 53 | | अनु0ज0जा0 आवासीय बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अदरो। | बालिका | 88 | 23 | – | – | – |
| 54 | | अनु0ज0जा0आ0बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ढिबेरीकोल। | बालक | 88 | 14 | – | – | – |
| 55 | | अनु0ज0जा0 आवासीय बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चाँदवासी। | बालक | 88 | 16 | – | – | – |
| 56 | जामताड़ा | अनु0ज0जा0आ0 बालक उच्च विद्यालय, दुलाडीह, जामताड़ा। | बालक | 88 | 16 | – | – | – |
| | | | | 160 | – | 06 | 04 | – |
| 57 | | अनु0ज0जाआ0 बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुण्डहित। | बालिका | 40 | 40 | 31 | 38 | – |
| 58 | | अनु0ज0जा0आ0 बालक उत्क्रमित उच्च विद्यालय,कुण्डहित। | बालक | 40 | 08 | – | – | – |

नोट :–

01. **आवेदन की तिथि** :–10 फरवरी, 2025 28 फरवरी, 2025 तक।
02. **आवेदन प्राप्त करने का स्थान** :–संबंधित परियोजना निदेशक,आई0टी0डी0ए0 / जिला कल्याण कार्यालय / प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी कार्यालय / संबंधित आवासीय विद्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त:10.00 बजे से अपराहन् 5.00 बजे तक।
03. **आवेदन जमा करने का स्थान**:–(क) संबंधित आवासीय विद्यालय में (कक्षा–1 (प्रथम) का) एवं **(ख)** जिला कल्याण कार्यालय में (कक्षा–6, 7 एवं 8) प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपराहन् 5.00 बजे तक जमा लिया जायेगा।
04. **परीक्षा की तिथि** :– 09 मार्च, 2025 (रविवार) को कक्षा–6, 7 एवं 8 की लिखित परीक्षा होगी।
05. **कक्षा**–1 (प्रथम) का मौखिक जाँच परीक्षा दिनांक–23.03.2025 (रविवार) को संबंधित विद्यालय में होगी।
06. **रिक्ति**:–संथाल परगना प्रमंडल दुमका अन्तर्गत सभी जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा संभावित रिक्तियाँ उपलब्ध कराई गई है। परीक्षाफल के प्रकाशन एवं नामांकन तक रिक्ति की संख्या घट–बढ़ भी सकती है।

ह0 / –
उप निदेशक कल्याण,
संथाल परगना प्रमंडल, दुमका

PR 346534 Welfare(24-25)#D


# जोहार संवाद में जलपुरुष की उपाधि से अलंकृत हुए समाजसेवी सूरज



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** धनबाद में रफ्तार मीडिया समूह द्वारा आयोजित जोहार संवाद के पहले संस्करण में समाजसेवी व झामुमो नेता सूरज झा जलपुरुष की उपाधि से अलंकृत हुए। इस दौरान झारखंड विधानसभा स्पीकर रविंद्र नाथ महतो व धनबाद विधायक राज सिन्हा ने उन्हें प्रमाण पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें झारखंड आइकॉन श्रेणी में दिया गया। सम्मान मिलने पर सूरज झा ने कहा कि यह सम्मान पूरी तरह से देवघर की जनता को समर्पित है। देवघर के लोगों की सेवा का संकल्प मेरे साथ हमेशा था है और रहेगा।

# देवघर जिला इंटक ने रेल मंत्री का फूंका पुतला



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ हादसे को सीधे रूप से रेलवे की नाकामी करार देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का पुतला दहन देवघर जिला इंटक द्वारा जसीडीह स्थित चकाई मोड पर किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के पूर्व इंटक नेताओं द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर भगदड़ में मृत श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुतला दहन कार्यक्रम में देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार,देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी, देवघर जिला इंटक के पदाधिकारियों में प्रीतम कुमार पांडे, राधा पाल, अभिषेक सिंह, प्रभु दास, आशीष कुमार, देवघर नगर इंटक अध्यक्ष बृजभूषण राम, प्रदीप कुमार, नाहिदा सुल्तान, राहुल राज अनोद बरनवाल, नसीब पासी, झुपर दास, रुक्मिणी देवी डॉक्टर के के रामानी, राजू आलम सहित कई और अन्य कांग्रेसजन भी शामिल थे। देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने घटना को दुखद करार देते हुए कहा कि यह हादसा निश्चित रूप से रेलवे की नाकामी एवं लापरवाही का नतीजा है। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने की।

# देवघर में स्वस्तिक, दिशा, नेहा, राजदीप व राजनंदनी अपने अपने ग्रुपों में अव्वल



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा आर. सी. भौमिक मेमोरियल ट्रस्ट के युग्म बैनर पिछले दिन देशभर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी हुई थी। विद्यार्थियों को चार ग्रुपों में बाँटा गया था। वर्ग प्ले से द्वितीय तक को ग्रुप ए में, वर्ग तृतीय से षष्ठ तक को ग्रुप बी में, वर्ग सप्तम से दशम तक को ग्रुप सी में, सर्व सर्व साधारण को ग्रुप डी में रखा गया था। आज देवघर जिला का परिणाम की घोषणा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रुप ए में देवघर संत फ्रांसिस् स्कूल के स्वस्तिक बणिक एवं अक्षित केशरी को क्रमशः प्रथम व द्वितीय, गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल की नव्या साव व साक्षी प्रिया को क्रमशः तृतीय व चतुर्थ जबकि जसीडीह संत फ्रांसिस् स्कूल की मानसी गुप्ता को पंचम स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप बी में, डीएवी की दिशा रजनीश सिंह को प्रथम, एकलव्य पब्लिक स्कूल की रंजू कुमारी को द्वितीय, डीएवी की रिद्धि श्री को तृतीय, इसी विद्यालय के ऋषभ राज एवं राखी प्रिया को क्रमशः चतुर्थ व पंचम एवं माउंट कार्मेल पब्लिक स्कूल की रुचि सिन्हा व रिया सिन्हा, डीएवी के अर्चित राज, निर्मित साव, पम्मी प्रिया काव्या सिंह, देवघर संत फ्रांसिस् की सानवी केशरी व कर्मसंभव इंटरनेशनल स्कूल, रोहिणी के रोशन पांडेय को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

# बाबा मंदिर में गणेश भगवान के शिखर से पंचशूल उतारा गया



रामा कान्त मालवीय

**देवघर ।** महाशिवरात्रि को लेकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण स्थित सभी 22 मंदिरों का पंचशूल फागुन मास कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि के दिन राजू भंडारी एवं चिंतामणि भंडारी के नेतृत्व में सर्वप्रथम भगवान गणेश जी के मंदिर के शिखर से पंचशूल उतरना शुरू किया गया।जिसको लेकर लोगों की भीड़ पांचशूल को स्पर्श करने के लिए लग गई मुख्य प्रबंधक रमेश प्रयास ने पंचुल को अपने कंधे पर लेकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रशासनिक भवन पहुंचा जहां पर लोगों की भीड़ लगी रही। इसके बाद पंचशूल की साफ सफाई शुरू की गई,अब प्रत्येक दिन अलग-अलग मंदिरों के शिखर पर से पांचशूल उतर जाएगा।जिसमें बता दे की सोमवार से रविवार तक सभी मंदिरों के शिखर से पंचशूल उतार दिया जाएगा।इसके बाद सोमवार को बाबा बैजनाथ एवं माता पार्वती के शिखर से पंचशू उतारा जाएगा। इसके बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण में दोनों का मिलान कराया जायेगा।इसके बाद सभी पांचशूलों को बाबा बैजनाथ मंदिर स्थित प्रशासनिक भवन में रखा जायेगा। जहां पर साफ सफाई के बाद 25 फरवरी को पूरे विधि विधान के साथ सभी पांचशूलों का पूजा अर्चना कर मंदिर के दीवान के द्वारा कपड़े में विशेष मंत्र लिखकर सभी पंचशूलों में बंदा जाता है।इसके बाद मंदिर के शिखर पर पांचशू स्थापित किया जाता है।जिसको लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंचशूल का स्पर्श करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग जाती है।जिसके लिए पुलिस प्रशासन की तैनाती विधि व्यवस्था को लेकर की जाती है।तीर्थ पुरोहित पप्पू झा बताया कि साल में एक बार सभी मंदिरों के शिखर पर से पंचशूल उतर जाता है।यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।महाशिवरात्रि के 8 दिन पूर्व से पंचशूल को पूरे विधि विधान के साथ उतर जाता है। इसके बाद उसकी साफ सफाई की जाती है। पुराने एवं ग में इसका वर्णन है। सारे संसार में एकमात्र बाबा बैद्यनाथ धाम स्थित मंदिरों में पंचशूल स्थापित है।यह पंचशूल प्रकांड विद्वान एवं महान शिव भक्त रावण के द्वारा स्थापित की गई थी ताकि मंदिर की सुरक्षा हो सके पंचशूल पांच तत्वों से बना हुआ है।

# कलश यात्रा में शामिल हुए सैंकड़ों श्रद्धालु



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेयडीह गांव में नव निर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाला गया जिसमें सभी ग्रामवासियों ने भाग लिया। इस कलश यात्रा में झारखंड के पूर्व मंत्री सह देवघर विधायक सुरेश पासवान भी शामिल हुए । कलश यात्रा पांडेयडीह से होकर नावाडीह अजय नदी घाट पहुंचे जहां आचार्य रामानंद पांडे द्वारा विधि संवत मंत्रोच्चार कर कलश पूजन कराया।देवघर के प्रसिद्ध कथा वाचक रंजीत शास्त्री के द्वारा हनुमत कथा प्रवचन किया जा रहा है। इस मौके पर आचार्य रामानंद पांडे,मंदिर के पुजारी विजय पांडे, प्रमोद पांडे, शंभु पांडे,नवल पांडे, राजेंद्र पांडे, श्रीकांत पांडे, दिवाकर पांडे, गिरीश पांडे, नंदकिशोर पांडे, अशोक पांडे, कृष्णमोहन पांडे, नंदलाल पांडे, चुन्नू पांडे, राजीव सिंह, बलवीर राय, पवन पांडे, मुकेश पांडे, राजेश पांडे, पंकज पांडे, पिंटू, परितोष, रंजन, शत्रुघ्न, बिपिन, संदीप, गौतम, विवेकानंद, संतोष, कन्हैया, सत्यम, रितेश, बिरांची, चीकू, शिवम् आदि उपस्थित थे।

# एम्स देवघर ने शंकरपुर में नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली निकाली



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** सोमवार को एम्स देवघर ने शंकरपुर में फाइलेरिया (हाथीपांव) की रोकथाम के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ऐ) अभियान के अंतर्गत कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) सौरभ वर्ष्णेय के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) प्रतिमा गुप्ता (एच.ओ.डी माइक्रोबायोलॉजी, डीन–रिसर्च, एम्स देवघर) द्वारा किया गया, जबकि डॉ. अभिजीत वी. बोरत्ने (अतिरिक्त प्राध्यापक, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस आयोजन का सफल संचालन डॉ.बिजित बिस्वास, सहायक प्राध्यापक,सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग एवं एम.डी.ऐ कोऑर्डिनेटर, एम्स देवघर द्वारा किया गया। रैली शंकरपुर स्टेशन से शुरू हुई और शंकरपुर एवं भोजपुर गांव की गलियों से होकर गुजरी। इसके बाद भोजपुर मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया,जिसमें एम.बी.बी.एस छात्रों ने लिम्फेटिक फाइलेरिया के कारण,प्रभाव, पर्यावरणीय स्वच्छता और एम.डी.ऐ दवा के सेवन की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला।

## परीक्षाओं में बुर्के, हिजाब को बैन किया जाए :भाजपा

संवाददाता

**रांची ।** सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने गिरिडीह में एक प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार को तुष्टीकरण से बाज आने की नसीहत दी। कहा समुदाय विशेष को खुश रखने को लेकर घिनौना खेल न खेले हेमंत सरकार। उन्होंने गिरिडीह के एक परीक्षा केंद्र में हुए बुर्का प्रकरण को लेकर जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर करवाई की मांग की। श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य में संचालित परीक्षाओं पर सांप्रदायिक रंग न चढ़ाया जाए। राज्य में संचालित हो रही मैट्रिक और इण्टर की परीक्षाओं में पारदर्शिता और सुचिता बरती जाय। कहा हेमंत जी को मालूम होना चाहिए कि अरब देशों में भी परीक्षाएं स्कूल ड्रेस में हीं संचालित होती है और परीक्षार्थियों की पहचान करने में कोई कोताही नहीं बरती जाती है।

श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य के पदाधिकारी भी किसी तुष्टीकरण के फेरे में न पड़े। किसी वर्ग व समुदाय को खुश करने के दबाव में आकर झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम के विरुद्ध कोई आचरण न करे अधिकारीगण। श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य के बहुत सारे परीक्षा केंद्रों से यह सूचना आ रही है कि एक समुदाय विशेष की बच्चियां बुर्के में परीक्षा देने जा रही है। जिससे परीक्षार्थियों के सही पहचान को लेकर समस्या आ रही है और परीक्षा में कदाचार हो रहा है। बताया कि ऐसी भी खबरें आ रही है कि किसी परीक्षा केंद्राधीक्षक द्वारा जब बच्चियों से उसके चेहरे से बुर्का हटाने को कहा जाता है तो हंगामा हो रहा है। समुदाय विशेष के नाम से बनी कुछ संस्थाएं और लोग परीक्षाओं में बुर्का पहन के जाने को समर्थन दे रहे हैं। वे लोग केंद्राधीक्षक और पदाधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं। बताया ख़बर यह भी आ रही है कि झारखंड परीक्षा अधिनियम का पालन कर रहे कर्तव्यनिष्ठ केंद्राधीक्षकों और शिक्षकों के खिलाफ साजशि रची जा रही है। ऐसे केंद्राधीक्षकों को परीक्षा केंद्रों से हटाया जा रहा है ताकि एक समुदाय विशेष के द्वारा बुर्के और हिजाब की आड़ में परीक्षा में कदाचार किया जा सके। श्री चौरसिया ने बताया कि ताजा मामला गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड का है। यहां अवस्थित जेपीके कॉलेज भंडारो के केंद्राधीक्षक मिथलेश कुमार मिश्रा को इसलिए केंद्राधीक्षक से हटा दिया गया चूंकि वे परीक्षार्थियों का उसके एडमिट कार्ड से मिलान चाहते थे।

श्री चौरसिया ने कहा कि बगैर किसी जांच के केंद्राधीक्षक को हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि इस पूरे घटनाक्रम में उक्त परीक्षा केंद्र के दो विक्षक सज्जाद अंसारी और मो. असगर अंसारी के द्वारा घिनौना साजशि रचने की बात सामने आई है। श्री चौरसिया ने बताया कि खोरीमहुआ एसडीएम के द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम जिसमें जमुआ बीडीओ, जमुआ बीईईओ और जमुआ पंचायतीराज पदाधिकारी ने अपने रिपोर्ट में यह कहा है कि जेपीके कॉलेज भंडारों में केंद्राधीक्षक मिथलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यहां परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित है। केंद्राधीक्षक के निर्देश पर परीक्षा देने आए सभी परीक्षार्थियों की पहचान कर हीं परीक्षा कक्षों में प्रवेश दी जा रही थी। तीन सदस्यीय रिपोर्ट में यह कहा गया है कि परीक्षा केंद्र में अपनी सेवा दे रहे दो विक्षक सज्जाद अंसारी और मो. असगर अंसारी ने साजिशन बच्चियों को बुर्का न हटाने को लेकर उकसाया बल्कि वो गलत तरीके से परीक्षा केंद्र में साथ लाए अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर उसे वायरल भी किया।

श्री चौरसिया ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि एडमिट कार्ड से परीक्षार्थियों के मिलान को लेकर किसी भी परीक्षार्थी या उनके अभिभावक से कोई शिकायत नहीं मिली है। श्री चौरसिया ने बताया कि खोरीमहुआ एसडीएम को समर्पित रिपोर्ट के अंत में टीम द्वारा उक्त दोनों साजिशकर्ता विक्षकों पर करवाई की भी अनुशंसा की गई है।

## देवघर में युवक की रहस्यमय मौत, तिलक से पहले दुमका रेल मार्ग पर शव बरामद

**देवघर ।** दुमका रेल मार्ग पर सोमवार की सुबह एक युवक का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। 23 वर्षीय विजय सिंह सिरसा नूनथर गांव का निवासी था और यह घटना उस समय हुई जब युवक ने कथित तौर पर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक के शव को लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, विजय सिंह का रात में घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। गुस्से में आकर वह घर से बाहर निकल गया और सुबह उसके शव की सूचना ग्रामीणों ने दी। मोहनपुर थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन शुरू की। पुलिस को मृतक के शव के पास उसका मोबाइल भी बरामद हुआ, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर साक्ष्य मिलने के बाद यह प्रतीत हो रहा है कि युवक ने आत्महत्या की है, लेकिन सही कारणों का पता लगाने के लिए परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मृतक के परिवार ने बताया कि विजय सिंह की आज तिलक होने वाला था और उसकी शादी की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में उसकी आत्महत्या का मामला गांव में चर्चा का विषय बन गया है। परिवार का कहना है कि घर में हुए विवाद को लेकर विजय के आत्महत्या करने का कारण सामने आ सकता है, लेकिन वे इसे पूरी तरह से समझ नहीं पा रहे हैं।

## आयुष्मान भारत जिला शिकायत निवारण समिति की हुई बैठक

**साहिबगंज ।** उपायुक्त कार्यालय में सोमवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला शिकायत निवारण समिति आयुष्मान भारत की बैठक की गई। बैठक में जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत दावों की समीक्षा कर कई निर्णय लिया गया।बैठक में डीप होस्पीटल साहिबगंज के दो मामलों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,पतना के एक मामले की एनएएफएल ट्रीगर दावों से संबंधित समीक्षा की गई।समिति द्वारा सब कमेटी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर सर्वसम्मति से इन मामलों को एनएएफयू ट्रीगर से मुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई।अपना हेल्थ केयर सेंटर, बोरियों द्वारा प्राप्त दावों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि अस्पताल प्रबंधक द्वारा आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।बैठक में समीक्षा कर पाया गया कि अब तक केवल 34त्न लाभुक ही आयुष्मान कार्ड से आच्छादित हुए हैं।बैठक में डीडीसी सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया,आयुष्मान जिला समन्वयक संजय कुमार दास, आयुष्मान प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमन कुमार पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मधुपुर में नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मधुपुर ।** नगर परिषद प्रशासन ने शहर में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया।नगर परिषद प्रशासक सुरेंद्र किस्कु के निर्देश पर नगर प्रबंधक अनुज राकेश किस्पोट्टा एवं थाना के सब-इंस्पेक्टर शौकत खान ने सोमवार को मधुपुर बाजार में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।यह अभियान थाना रोड, गांधी चौक, हटिया रोड, रामचंद्र बाजार और साह मार्केट रोड में चलाया गया, जहां अतिक्रमणकारियों को हटाने के साथ-साथ कड़ी चेतावनी भी दी गई । नगर प्रबंधक अनुज राकेश किस्पोट्टा ने स्पष्ट कहा - ÷अतिक्रमणकारियों को अब बख्शा नहीं जाएगा। यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो नगर परिषद द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।÷ अभियान के दौरान नगर परिषद के अधिकारी पूरी सख्ती के साथ मैदान में उतरे।

## बब्लू राऊत की पुण्यतिथि पर दी गए श्रद्धांजलि

**देवघर ।** सोमवार को पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक महासंघ के बैनर तले शीतला मंदिर चौक पर पूर्व नगर सभासद बब्लू राऊत उर्फ जग्गा भाई की 18वीं पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग और युवा वर्ग ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव पप्पू राऊत ने बब्लू राऊत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें हृदय से नमन किया। श्री राऊत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बब्लू राऊत एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने हमेशा गरीबों और कमजोर वर्गों के हित में संघर्ष किया और सामाजिक न्याय की लड़ाई को अपनी जिंदगी बना लिया। उन्होंने कहा कि बब्लू राऊत गरीबों की आवाज बने और दबंगों के खिलाफ लोहा लिया। वे शहर में अमन, शांति और सद्भाव के प्रतीक थे और समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। पप्पू राऊत ने आगे कहा कि बब्लू राऊत के योगदान से देवघर शहर में एक नया अध्याय शुरू हुआ था। वे लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के विचारों पर विश्वास करते थे और सिटिंग सभासद को हराकर एक नई राजनीतिक क्रांति की शुरुआत की थी। उनके अचानक चले जाने से देवघर शहर को एक अपूरणीय क्षति हुई है, जिसे आज तक पूरी नहीं किया जा सका है। उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आजसू जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य, सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद शर्मा, कुर्मी समाज के तरूण राऊत, मृत्युंजय कुमार राऊत, लोकनाथ केशरी, राम बाबु साह, गोपाल शर्मा, रवि कुमार, मुकेश राऊत, राजेश राऊत उर्फ लड्डू, कार्तिक यादव, बंकु ठाकुर, ओम प्रकाश केशरी, रवि केशरी और सैकड़ों अन्य लोग शामिल थे। सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और बब्लू राऊत अमर रहें का जोरदार नारा लगाया। कार्यक्रम के अंत में, पप्पू राऊत ने सैकड़ों गरीब महिलाओं को साड़ी भेंट की और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## रोज़गार मेला का आयोजन



**उधवा।** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित जेएसएलपीएस अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत रोजगार सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत सचिवालय के समीप आम बगान में सोमवार को एकदिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसएलपीएस के जिला वित्तीय अधिकारी संतोष कुमार, पूर्वी उधवा पंचायत के मुखिया दीपा देवी, उप प्रमुख मामलोत शेख, बीपीएम उधवा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के पीआई मौजूद थे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से आए बेरोजगार युवक विभक्तियों ने रोजगार सुनिश्चित करने हेतु अपना-अपना विभिन्न कंपनियों में पंजीकरण कराया है।इस संबंध में जेएसएलपीएस के जिला से आए पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र से गरीब बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है।पढ़े लिखे गरीब बेरोजगार के लिए रोजगार मेले के आयोजन कर उनको विभिन्न कंपनियों में नौकरी सुरक्षित किया जा रहा उन्होंने बताया कि अब तक 74 लोगों का पंजीकरण किया जा चुका है।मौके पर अजय कुमार, बेली खातून, उदय मंडल, श्रीनाथ मंडल सहित अन्य जेएसएलपीएस से जुड़े कर्मी व महिलाएं मौजूद थे।

## एसडीपीओ ने किया नगर थाना का निरीक्षण

**साहिबगंज।** सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने सोमवार को नगर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कीट परेड का निरीक्षण करते हुए सिरिस्ता कक्ष का निरीक्षण किया। वहां मौजूद पंजियों के संधारण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मालखाना का अवलोकन भी किया। एसडीपीओ में लंबित मामलों के जल्द निपटारा व अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि प्रवीण कुमार प्रभाकर, मुरली मनोहर सिंह, गौरव भगत, रीडर राकेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

## जैप 9 चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ क अध्यक्ष बने पंकज, उपाध्यक्ष अनूप



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** जैप 9 स्थित झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की साहिबगंज शाखा के छह पदों पर 5वां चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। रांची से आए चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश संयुक्त मंत्री चंद्रदीप ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोरमा कुमारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष कपिलेश्वर गोप, प्रदेश संयुक्त मंत्री नूरजहां खातून, प्रदेश संयोजक लक्ष्मण कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप कुमार की देखरेख में चुनाव हुआ। जिसमें कुल 149 वोटरों में 141 वोटरों ने अपने माताधिकार का प्रयोग किया। काउंटिंग के बाद परिणाम की घोषणा की गई। शाखा अध्यक्ष के पद पर पंकज ठाकुर, उपाध्यक्ष अनूप पांडेय, संयुक्त मंत्री दिलीप कुमार राय, कोषाध्यक्ष विजय ठाकुर, संगठन मंत्री कृष्णानंद, मुख्यालय प्रतिनिधि पद पर मनोज कुमार यादव ने जीत हासिल की। वहीं शाखा मंत्री पद पर निर्विरोध रूप से जितन किस्कू पहले की निर्वाचीत हो चुके थे। मौके पर रांची से आए अध्यक्ष संजय शर्मा, मुख्य संरक्षक प्रेम कुमार गुप्ता, कार्यालय मंत्री नीलांबर रजक, संयोजक लक्ष्मण कुमार, रितिक ठाकुर व अन्य मौजूद थे।

## मां-बेटी को ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत

**धनबाद ।** धनबाद थाना क्षेत्र के रांगाटांड़ श्रमिक चौक के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने मां-बेटी को रौंद दिया। रविवार की सुबह करीब सवा सात बजे हुई इस दुर्घटना में मौके पर ही महिला ने दम तोड़ दिया जबकि महिला की पांच वर्षीय मासूम पुत्री की इलाज के दौरान एसएनएमएमसीएच में मौत हो गई। महिला की पहचान सिंदरी गोशाला कांड्रा टासरा मोतीनगर निवासी हेमा देवी (38 वर्ष) के रूप में हुई। उनकी पुत्री का नाम आरोही कुमारी (5 वर्ष) है। महिला की दूसरी पुत्री जूही इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गई।घटना की जानकारी पाकर अस्पताल पहुंचे आरोही के चाचा राजू सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार को सुबह साढ़े छह बजे उनकी भाभी और दोनों भतीजी दामोदपुर जाने के लिए घर से निकली थी। रांगाटांड़ स्टैंड पर उतर कर वे लोग सड़क पार कर दूसरा ऑटो पकड़ने जा रहे थे। इसी बीच एलपी ट्रक तेज गति से वहां आया और दोनों को टक्कर मारकर वहां से भाग गया। मौके पर पहुंची धनबाद थाना की पुलिस ने आरोही को गंभीर हालत में एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया। हेमा के क्षत-विक्षत शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शवों को उनके घर भेजा गया।महिला और बच्ची को धक्का मारने वाले ट्रक को बैंक मोड़ पुलिस ने बैंक मोड़ पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक के चालक यूपी फिरोजाबाद निवासी मिथुन को हिरासत में ले लिया। वह भागने के चक्कर में बैंक मोड़ में बीच सड़क पर ट्रक लगा कर भाग रहा था। खलासी मौका ताड़ कर वहां से निकल गया।

## गलत तरीके से मंईयां स मान योजना का लाभलेनेवाली महिलाओं की जांच शुरू

**रांची ।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का गलत तरीके लाभ लेनेवाली महिलाओं से स मान राशि वापस ली जाएगी।इसके लिए प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि डीसी के निर्देश पर अयोग्य लाभुकों की जांच के लिए अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है।जांच टीम मु यमंत्री मंईयां स मान योजना के मानक के अनुसार सभी पहलुओं पर अयोग्य लाभुकों की जांच करेगी। अयोग्य लाभुक समय सीमा के अंदर राशि लौटा दें अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ स मान राशि की वसूली की जाएगी। इसके अतिरिक्त एक ही बैंक खाता से कई महिलाओं द्वारा स मान योजना का लाभ उठाने का मामला सामने आया है। इटकी में मंईयां स मान योजना के 12,635 लाभुक हैं। इसके तहत वे महिलाएं जो सरकारी नौकरी कर रही हैं या उनके पति सरकारी नौकरी में हैं वे इस योजना का लाभ नहीं ले सकती हैं।

## सीएस ने स्वास्थ व्यवस्था में सुधार को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों दी कड़ी हिदायत

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** जिले के बड़े सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएस ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल के स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर कड़ी हिदायत दी है। सीएस ने स्वास्थ्य व्यवस्था मव जल्द सुधार लाने का निर्देश दिए है। इस दौरान सीएस ने स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर आने व मरीजो को समुचित स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिए है। इसके अलावा सीएस ने कहा कि यहां सेवा के नाम किसी तरह की वसूली बर्दाश्त नही की जाएगी। यहां मरीज अस्पताल की व्यवस्था को देखकर इलाज के लिए पहुचते है। सरकार द्वारा मरीजो को जो भी सुविधा है सभी निशुल्क है। अस्पताल में बाहरी लोगों के जमावड़ा को लेकर भी सीएस ने हिदायत दी है।

## धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज

**देवघर।** कुण्डा थाना में धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उमाशंकर यादव 55 वर्ष निवासी कुशमाहा,थाना मधुपुर ने दीपक कुमार यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि आरोपी दीपक कुमार यादव, जो कि कुण्डा थाना क्षेत्र के करनीबाग का निवासी है, ने उसे धोखा देकर रकम की ठगी की है। आरोपी ने उमाशंकर यादव को झांसा देकर वित्तीय नुकसान पहुंचाया, जिससे पीड़ित ने कुण्डा थाना कांड संख्या 50/2025 में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित दीपक कुमार यादव की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की जांच जारी है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सदर अस्पताल में नवजात की मौत पर लापरवाही का आरोप

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

**साहिबगंज ।** जिले के बड़े सदर अस्पताल में आए दिन लापरवाही का मामला प्रकाश में आता रहता हैं। कभी अस्पताल में डॉक्टर नहीं तो कभी मरीजो को छोड़कर डॉक्टर नदारत रहते हैं तो कभी नवजात को छोड़कर डॉक्टर गायब हो जाते हैं।वही ताजा मामला में सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में रविवार की रात एक नवजात की मौत पर परिजनों ने एसएनसीयू वार्ड के व्यवस्था पर सवाल उठाया है। परिजनों का आरोप है कि अगर सही ढंग से उसके बच्चे का इलाज होता तो शायद बच्चे की जान बच जाती। प्रसूता जयप्रकाश नगर के रहने वाले प्रेम कुमार ठाकुर की पत्नी अंतिमा देवी(32) है। मृत नवजात के पिता ने एसएनसीयू वार्ड के स्वास्थ कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि 15 फरवरी की शाम 05÷57 बजे उसकी पत्नी को प्रसव हुआ। बच्चे की हालत नाजुक रहने पर उसे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया। लेकिन संबंधित स्वास्थ कर्मी द्वारा कहा गए कि निजी अस्पताल ले जाओ। सुबह रविवार है और जबतक खून जांच रिपोर्ट नही मिल जाता तबतक दवा नही चल सकेगा। इसके चलते परिजन इधर उधर भटकते रहे। जबकि उसके बच्चे को कोई भी दवा नही चलाया गया। रात करीब दस बजे बच्चे की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि अगर समय रहते बच्चे का दवा चलाया होता तो बच्चे की जान बच जाती। परिजनों ने जांच की मांग की है। हालांकि मामले में अपनी जान बचाते हुए अस्पताल मैनेजर जयराम यादव ने बताया कि उक्त परिजन के बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टर के देखरेख में इलाज भी हुआ है। हालांकि ऑक्सीजन लेबल कम रहने के चलते बच्चे की मौत हुई है।

## मीना बाजार आग पीड़ितों को सांसद ने दी आर्थिक मदद, झारखंड सरकार पर उठाए सवाल

**देवघर।** गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने सोमवार को 32 पीड़ित परिवारों की मदद की, जो पिछले महीने देवघर स्थित मीना बाजार (सब्जी मंडी) में लगी भीषण आग से प्रभावित थे। सांसद ने अपने आवास शिवधाम में सभी पीड़ितों से मिलकर उन्हें 25-25 हजार रुपए की व्यक्तिगत मदद प्रदान की। सांसद ने मौके पर कहा, ÷पिछले 16 सालों से मैंने क्षेत्र के जनता के दुख-दर्द में हमेशा भाई की तरह भाग लिया है। बीजेपी हमेशा सबका साथ लेकर चलती है, हम सिर्फ सोशल मीडिया पर अफसोस जता कर राजनीति नहीं करते, बल्कि वास्तविक मदद करके लोगों को उनके कष्ट से निकालने की कोशिश करते हैं।उन्होंने बताया कि आग से प्रभावित परिवारों को मदद की घोषणा पहले ही कर दी थी, और आज व्यक्तिगत रूप से मदद की है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड सरकार की ओर से इन परिवारों की मदद अब तक नहीं पहुंची है, जबकि उन्हें पहले ही राहत मिलनी चाहिए थी। आग से प्रभावित व्यापारियों ने सांसद निशिकांत दुबे का आभार जताया और साथ ही झारखंड सरकार के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, ÷अब तक हमें सरकार से कोई मदद नहीं मिली है। विधायक और मंत्री ने केवल मदद का आश्वासन ही दिया है। मालूम हो कि करीब एक महीने पहले देवघर नगर थाना क्षेत्र स्थित मीना बाजार (सब्जी मंडी) में लगी भीषण आग में दर्जनों दुकानें जलकर राख हो गई थीं, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ था। इस हादसे के बाद, पीड़ित व्यापारियों ने कई बार सरकार से मदद की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## एमडीए कार्यक्रम की हुई समीक्षा बैठक

**मंडरो,साहिबगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य मंडरो में सोमवार डॉ. नित्यानंद सिंह की अध्यक्षता में एमडीए कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई।जिसमें 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चल रहे (एमडीए) मास्क ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की किये गये कार्य की रिपोर्ट के अनुसार प्राप्त उपलब्धि बताई गई।वहीं समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य कर्मीयों को बताया गया, कि अभी तक लक्ष्य के अनुरुप 51 प्रतिशत कार्य किया गया है।जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को 25 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा।वहीं बताया गया कि टीम के सभी 32 सुपरवाइजर के द्वारा हर हाल में बचे हुए लक्ष्य को पूरा किया जाना है।जिसमें सभी कर्मी सही तरीके से काम करेंगे। मौके पर डॉ. नित्यानंद सिंह,बीपीएम अमन कुमार भारती,सीएचओ मोहन सिंह जाटव,एमपीडब्लू दिनेश कुमार साह सहित सभी एमडीए सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## झासा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मंत्री ने सौंपा प्रमाण पत्र




संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

**साहिबगंज।** रांची के हुए एक कार्यक्रम में झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विस एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने प्रमाण पत्र सौंपा। कार्यक्रम में साहिबगंज के चिकित्सक सह झासा के संथाल परगना संयुक्त सचिव डॉ रणविजय को भी मंत्री ने सम्मानित किया। इस दौरान झासा की नई राज्य कमिटी ने चिकित्सकों से जुड़े मुद्दों को मंत्री के सक्षम रखा। डॉ रणविजय ने बताया कि चिकित्सकों के हक़ व अधिकार के लिए झासा कृतसंकल्पित है। मंत्री के समक्ष डॉक्टरों की बायोमीट्रिक हाजरी से जुड़ी समस्या भी रखी गई। जिस पर मंत्री ने कहा है कि बायोमिट्रिक हाजरी से डॉक्टरों के वेतन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। डॉक्टरों की एमएसीपी सहित अन्य मांगों पर भी मंत्री में समाधान का आश्वसन दिया है।

## डीसी ने छात्रवृत्ति राशि के भुगतान पर दिया जोर



**साहिबगंज।** जिला के डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में डीसी ने कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।उन्होंने विशेष रूप से छात्रवृत्ति योजना,आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं,कौशल विकास कार्यक्रमों और आवासीय विद्यालयों की स्थिति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिला परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास समेत अन्य उपस्थित रहे।

## खुद को आरपीएफ जवान बताकर ठग ने व्यापारी से 12 हजार रुपये ऐंठे

**चित्तरंजन ।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का जवान बनकर एक ठग ने न्यूमार्केट के व्यापारी से 12 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपी ने तबादले का बहाना बनाकर कम कीमत पर इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने का झांसा दिया और पैसे लेकर फरार हो गया। दोपहर में न्यूमार्केट पहुंचे इस व्यक्ति ने खाकी पैंट और आरपीएफ जैसी जूते पहनी थी, लेकिन उसकी शर्ट सामान्य थी। उसने खुद को आरपीएफ कर्मचारी बताया और कहा कि फ्रिज, इन्वर्टर और कूलर बेच रहा है। व्यापारी को महंगे सामान सस्ते में मिलने की उम्मीद हुई, और सौदा 12 हजार रुपये में तय हो गया। व्यापारी ने नकद रुपये दे दिए। ठग ने कहा कि सामान हिंदुस्तान केबल्स ऑफिसर्स कॉलोनी के पास 6 नंबर बस स्टैंड पर गाड़ी में रखा है। जब व्यापारी वहां पहुंचा, तो न ठग मिला और न ही कोई गाड़ी। ठगी का अहसास होते ही उसने अन्य व्यापारियों को बताया। आरपीएफ पोस्ट जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि वहां ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है। एक अन्य व्यापारी ने बताया कि इसी तरह 40 गैस सिलेंडर बेचने के नाम पर 80 हजार की ठगी की कोशिश की गई थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कैद हो गया है, और उसकी पहचान की जा रही है। व्यापारियों ने सभी को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## रेल कर्मी सुभाष मंडल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**मधुपुर संताल एक्सप्रेस ।** स्टेशन परिसर स्थित ईस्टर्न रेलवे कार्यालय में एक भावनात्मक शोक सभा का आयोजन किया गया.रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हाल ही में दिवंगत हुए रेल कर्मी, मधुपुर थाना क्षेत्र के चुंगलो निवासी सुभाष मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित की. दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई थी. इस दुःखद घटना से पूरा रेल समुदाय शोकाकुल है.यूनियन के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक व्यक्त किया. इस दौरान माहौल भावुक हो गया, हर किसी की आंखों में दुःख झलक रहा था.शोक सभा में विशेष रूप से उपस्थित रहे - ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के सचिव बलदेव महतो, अध्यक्ष एमपी सिंह, वकील यादव, धर्मेंद्र कुमार, कुंदन झा, संतोष कुमार, गौरी शंकर, संजय उपाध्याय, मोहम्मद जाहिद अंसारी, निरंजन मंडल, धर्मेंद्र यादव, अनुज यादव, विनोद यादव, अजय सिंह, राजीव पांडे, प्रफुल्ल भैया समेत कई अन्य रेल कर्मी! सभी ने एक सुर में कहा - सुभाष मंडल की सेवा और समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा।

## कैप्टन करमजीत सिंह का बलिदान नहीं जाएगा बेकार : संजय सेठ



**हजारीबाग ।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की आत्मा की शांति के लिए आयोजित अरदास में हिस्सा लेने के लिए हजारीबाग पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहीद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह की शहादत बेकार नहीं जाएगी। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है।शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की आत्मा की शांति के लिए पिछले तीन दिनों से हजारीबाग स्थित उनके आवास पर अरदास चल रहा था।जिसका समापन सोमवार को हुआ।अंतिम अरदास में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हजारीबाग के गुरुद्वारा पहुंचे।इस दौरान उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात की और कहा कि अब पूरा देश आपका परिवार है।कैप्टन करमजीत सिंह की आत्मा की शांति के लिए आयोजित अरदास में उपस्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का बयान। उन्होंने कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह ने मां भारती की सेवा और तिरंगे की आन-बान और शान की खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। देश उन्हें हमेशा याद रखेगा। इस दौरान संजय सेठ भावुक भी हो गए।उनकी मां ने कहा कि अब वो वीर की मां कहलाएंगी।वहीं इस दौरान जब संजय सेठ से पूछा गया कि पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जवाब देने का सही समय आ गया है।इस पर उन्होंने कहा कि देश सुरक्षित हाथों में है।इस पर गौर किया जाएगा। (एलओसी) के पास 11 फरवरी को हुए आईईडी धमाके में सेना के एक कैप्टन समेत दो जवान शहीद हो गए।

## रांची प्रशासन ने रिम्स कैंपस में खड़ी 240 निजी एंबुलेंस को जब्त किया

**रांची ।** रिम्स में मौजूद प्राइवेट एंबुलेंस के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने रिम्स कैंपस में खड़ी 240 एंबुलेंस को जब्त कर लिया गया है।जब्त एंबुलेंस को बरियातू थाना में रखा गया है।एंबुलेंस संचालकों और चालकों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि वह हड़ताल पर चले जाएंगे।जानकारी के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान एंबुलेंस चालक और पुलिसकर्मियों के बीच हल्की झड़प भी हुई।जिसके बाद एंबुलेंस को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।प्रशासन का कहना है कि एंबुलेंस की वजह से रिम्स परिसर में जाम का संकट बनता रहता है।रिम्स में दिनभर मरीजों का आना जाना लगा रहता है। सरकारी एंबुलेंस की कमी की वजह से इन प्राइवेट एंबुलेंस की जरुरत मरीजों को पड़ती है।रिम्स में एंबुलेंस को खड़ा करने की कोई व्यवस्था नहीं होने की वजह से चालक जहां जगह मिलती है, वहां एंबुलेंस को खड़ा करते हैं।इन सबके बीच बड़ी समस्या यह है कि अगर एंबुलेंस चालकों ने हड़ताल कर दी तो मरीजों की दिक्कत बढ़ेगी क्योंकि रिम्स के पास उतनी संख्या में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हैं, जो मरीजों की मांग को पूरी कर सके।

## अयुब अली बने झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष व विश्वजीत मंडल सचिव



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**उधवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक मंडली प्रमुख सह बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के द्वारा प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया। जानकारी के अनुसार झामुमो के वरिष्ठ नेता अयुब अली उर्फ बबुआ को उधवा प्रखंड अध्यक्ष की जम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि भैया किस्कू को उपाध्यक्ष, विश्वजीत मंडल को सचिव एवं मो अब्दुल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इधर नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष को पद दिए जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित पदधारियों को फूलमाला व गुलदस्ता देकर बधाई दी है। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अयूब शेख उर्फ बबुआ ने कहा कि पार्टी ने मुझपर जो भरोसा जताया है (

## बासुकीनाथ में सोमवारी को उमड़ी भीड़



**जरमुंडी ।** बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि पर सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पंचमी और सोमवारी को लेकर करीब 45 हजार भक्तों ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। सोमवार को देश के विभिन्न स्थानों से बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे भक्तों ने बाबा नागेश का जलाभिषेक और स्पर्श पूजन किया। इस अवसर पर बासुकीनाथ मंदिर में शिवभक्तों ने पुरोहितों से अष्टाध्यायी रुद्राभिषेक पाठ पूर्वक भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक कर विशेष पूजा अनुष्ठान किया। फाल्गुन कृष्ण पंचमी पर भगवान ज्योतिर्मय नागेश -बासुकीनाथ की पूजा के लिए बिहार के मिथिलांचल, कोसी क्षेत्र,अंग क्षेत्र सहित पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न स्थानों से पहुंचे भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने यहां अपनी मनौतियां पूर्ण होने पर बच्चों का चुड़ाकरण मुंडन संस्कार, गठबंधन, ध्वजारोहण, जप अनुष्ठान, शांतिपूजन, श्रृंगार पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाया। फाल्गुन कृष्ण पंचमी पर सोमवार को बाबा बासुकीनाथ मंदिर निर्धारित समय पर खोला गया। तड़के सुबह मंदिर खुलने पर भगवान नागेश की नियमानुसार प्रातकाल की पूजा अर्चना की गई।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण शुरु



**हंसडीहा।** हंसडीहा क्षेत्र के हथगड़ गांव में बाबा बालेश्वर नाथ महादेव के प्रांगण में श्री श्री 108 शिव महापुराण कथा के आयोजन को लेकर भव्य आयोजन किया गया है। कथा को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई । जिसमें 501 महिलाओं ने भाग लिया। वहीं कलश में जल भराई की रस्म मंदिर स्थित जलकूप से बैदिक मंत्रोचारण के साथ किया गया इसके साथ कलश यात्रा में रथ पर सवार कथा वाचक आचार्य ? प्रकाश जी महाराज के साथ काशी से पहुंचे पंडित प्रियांशु कृष्णन यात्रा में यहां के सभी गली मोहल्ले सड़कों से गुजरते कथा स्थल पहुंचे। जहां कथा स्थल पर कलश को स्थापित किया गया। इसको लेकर समिति के अध्यक्ष सतवन सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कथा का कार्यक्रम 17 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित है। जिसमें महारुद्राभिषेक, महाश्रृंगार, श्री गंगा महाआरती, प्रसाद वितरण के साथ साथ नित्य भण्डारा शामिल है। इसके अलावा जगह जगह पर सुसज्जित गेट मंदिर पहुँचने वाले हर मार्ग में बनाया गया है। वहीं इस यात्रा में थाना प्रभारी प्रकाश सिंह व स्थानीय पुलिस प्रशासन यातायात को लेकर सक्रिय होने के साथ इसमें शामिल थे। इसके अलावा महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग के साथ स्थानीय गणमान्य व श्रद्धालु शामिल थे।

## मिशन वात्सल्य के तहत कार्यशाला शुरु



**दुमका ।** राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान नई दिल्ली, के द्वारा मिशन वात्सल्य के तहत महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को बाल हित में बाल सुरक्षा, संरक्षण व संवर्धन के विषयों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ होटल अशोका दुमका में आयोजित की गयी। कार्यशाला का शुभारंभ प्रशिक्षु आई0पी0एस0 डॉ0 सैय्यद मुस्तफा हाश्मी, विशेष किशोर पुलिस पदाधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के इकुड डुंगडुंग, निपसिड की सहायक निदेशिका अभिलाषा मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र,बाल कल्याण समिति के प्रभारी अध्यक्ष डॉ0 रंजन कुमार सिन्हा एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेन्द्र नारायण प्रसाद ने विधिवत् संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में सीडब्ल्यूसी, जेजेबी, डीसीपीयू, एसजेपीओ, सीएचएल, सीएचडी, सीसीआई, एनजीओ एवं सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## बीडीओ ने की डीलरों के साथ समीक्षा बैठक



**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार के पीडीएस दुकानों के डीलरों के साथ समीक्षा बैठक किया ।मौके पर बैठक में सहायक गोदाम प्रबंधक विश्वनाथ सिंह मौजूद थे ।प्रखंड कार्यालय के सभागार ने सोमबार को आयोजित बैठक में पाया गया हैं कि 64 फीसद कार्डधारियों का ईकेवाई से होने की जानकारी मिला है।बीडीओ सह एमओ ने सभी डीलरों को जल्द शेष लाभुकों का जल्द के केआईसी कराने की आदेश दिया है।समीक्षा में कई डीलरों का फ़रवरी का खाद्यान्न वितरण असंतोष प्रद पाया गया है। डीलर बोरो सोरेन ,चंपा एस एच जी , महिला एस एच जी बिलकांदी , राम पद सोरेन, गीता सिंह, शिशिर मरांडी जियान झरना एस एच जी , रोमन टुडू, एस एच जी वनबारी, शिव कुमार अग्रवाल का वितरण एवं केवाईसी का कार्य असंतोषप्रद पाया गया है । बिना सूचना के समीक्षा मे अनुपस्थित डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया है, साथ ही उन राशन डीलर का दुकान जांच करने का आदेश दिया है।

## प्राचीन शिव-मंदिर सर्वाधाम में आनेवाले श्रद्धालुओं में भय का माहौल

**सरैयाहाट(दुमका) ।** दुमका जिले के सरैयाहाट प्रखंड स्थित सर्वाधाम में बने शिव-मंदिर के ठीक द्वार के सामने 11000 वोल्टवाले बिजली के दो पोल गाड़े गए दो बिजली-पोलों में से एक पोल का जमीनी-हिस्सा इस कदर टूटा हुआ है,जिससे किसी भी वक्त बिजली का वो खंभा गिरकर धाराशायी हो सकता है। जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है।सर्वाधाम मंदिर के द्वार के पास पूरी तरह से नीचे से टूटे बिजली के पोल की



स्थिति सालों से है जिस पर बिजली विभाग के किसी भी कर्मी या पदाधिकारी का ध्यान नहीं है जो कभी भी एक बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है जिससे वहाँ पूजा करने आने वाले श्रद्धालुगणों में किसी अनहोनी का भय व्याप्त है इस संभावित हादसे वाली समस्या का समाधान अगर समय रहते स्थानीय बिजली-ऑफिस द्वारा नहीं किया जाता है, तो वहाँ के स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही बातों से ऐसा लगता है कि बिजली-विभाग और वहाँ कार्यरत स्थानीय बिजली सब-स्टेशन सरैयाहाट बिजली-ऑफिस किसी बड़े हादसे के इंतजार में चुप बैठा हुआ है ।

# बासुकीनाथ नगर क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया, समुचित जलापूर्ति की मांग

## जरमुंडी में पेयजलापूर्ति की मांग को लेकर नगरवासियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता



**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र में गर्मी की दस्तक के साथ पेयजल सकंट गहराने लगा है। समुचित और सुचारू जलापूर्ति की मांग को लेकर नगरवासियों ने जरमुंडी पानी टंकी के सामने प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि जरमुंडी बाजार क्षेत्र में पिछले तीन सप्ताह से लोगों को सप्लाई पानी नहीं मिल रहा है। लोगों ने बताया कि विभाग की लापरवाही के कारण यहां के लोगों को पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है। बासुकीनाथ नपं क्षेत्र के वार्ड संख्या 1,2,3,6,7,8,11 एवं 12 में इन दिनों जल संकट गहराने लगा है। बाजार क्षेत्र में लोगों को पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। लोग 20-30 रुपये प्रति जार पानी खरीद कर पानी पी रहे हैं। वहीं नपं क्षेत्र से सटे ग्रामीण क्षेत्र में भी लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। चापानल पर कतारबद्ध होकर पानी लेना पड़ रहा है। गरमी का मौसम अभी शुरू भी नहीं हुआ है और नपं क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। लोगों ने बताया कि जलापुर्ति शुरू नहीं हुआ तो पानी के लिए सामूहिक रूप से रोड पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर निरंजन मंडल, रामगोपाल साह आदि ने बताया कि यहां पेयजल आपूर्ति की समस्या हमेशा बनी रहती है। नगरवासियों ने यह भी बताया कि इस संबंध में विभाग से कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। मौके पर रामगोपाल साह, अमीन मिस्त्री, जय किशोर साह, विकास कुमार गान, निमाई बाउरी, महेंद्र साह, विवेक गुप्ता, दीपक कुमार शर्मा, श्रवण कुमार, सुरेश मंडल आदि दर्जनों लोग मौजूद थे. सहायक अभियंता (एई) प्रेमबंधन कच्छप ने बताया कि नोनीहाट नदी में बालू उठाव हो जाने से जल स्तर नीचे चला गया है, जिससे मोटर खराब हो गया है। काम चल रहा है, एक दो दिन में नपं के सभी वार्ड क्षेत्र में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जायेगी।

## आंगनबाड़ी केंद्र के गलत जगह निर्माण को लेकर डीसी व विधायक को दिया आवेदन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**नोनीहाट(दुमका)।** जरमुंडी प्रखंड के नोनीहाट पंचायत अंतर्गत नोनीगांव में आंगनबाड़ी केंद्र के गलत जगह निर्माण को लेकर नोनिगांव में ज्योति आजीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा बैठक आयोजित की गई। और बैठक के उपरांत दुमका जिला उपायुक्त एवं जरमुंडी विधानसभा विधायक देवेंद्र कुंवर को ज्ञापन देकर महिलाओं के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के सही जगह निर्माण करने की मांग की गई। मिली जानकारी के अनुसार नए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण धोबय नदी के बगल में किया जा रहा है। और जिस जगह पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है वहाँ पर बहुत ज्यादा जंगल झाड़ी है। जिस वजह से बच्चों के परिजनों में यह भय है कि ऐसे सुनसान जगह पर अगर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण होता है तो छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र नहीं जा सकेंगे। और महिलाएं भी किसी बैठक को लेकर ऐसी सुनसान जगह पर जाने से कतराएंगी इसलिए आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए काली मंदिर या फिर पानी टंकी के पास की जगह को उपयुक्त बताते हुए महिलाओं द्वारा ये मांग की गई की आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किसी ऐसी जगह की जाए जो हमेशा आबादी क्षेत्र से घिरा रहे। जिससे किसी भी छोटे बच्चे या फिर किसी महिला के साथ कोई अप्रिय घटना घटित ना हो जाये। बैठक में मुख्य रूप से अंजना देवी(ज्योति आजीविका महिला ग्राम संगठन अध्यक्ष),मालती देवी(सचिव),रूपा देवी (आँगनबाड़ी सहिया),प्रीति कुमारी,महेंद्र पंडित,

# डॉ धूनी सोरेन ने किया हूल सोम्बाद पत्रिका का विमोचन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**दुमका ।** गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी द्वारा प्रकाशित हूल सोम्बाद पत्रिका का विमोचन सोमवार को बैसी के संरक्षक डाश धूनी सोरेन द्वारा किया गया। विमोचन के अवसर पर डाश सोरेन ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि हूल बैसी पिछले 20 वर्षों से हूल सोम्बाद पत्रिका में विभिन्न लेख ,कहानी एवं रचनाओं के माध्यम से अपने समाज को समय के साथ आगे आने के लिए एवं संताली साहित्य को बचाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है जो अति सराहनीय है। साथ ही हमारे समाज में शिक्षा का महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ताकत है जो समाज को बेहतर बना सकती है। इसलिए हमे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। श्री पी के हेम्ब्रम ने कहा की अभी तक अमर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा का एकरूपता नहीं हो पाया है जो एक दुखद बात है। इस कार्यक्रम में मानुएल सोरेन (सचिव), सनातन मुर्मू, डाश जीश हांसदा, दिलीप टुडू, जीतेश टुडू, सुलेमान मराण्डी उपस्थित थे।

# कोकून के धागे और वैल्यू एडिशन के जरिए किसान बढ़ा सकते हैं उत्पादन के दाम : रवि जैन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**दुमका ।** इण्डोर स्टेडियम दुमका में सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), संथाल परगना,दुमका के तत्वाधान में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित रेशम कृषकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
सीएसबी के वैज्ञानिक ÷सी÷ श्री मजूमदार के द्वारा कोकून के अनुरक्षण तथा अच्छी गुणवत्ता के रोग मुक्त चकत्ते पर विशेष प्रस्तुति की गई। कृषि वैज्ञानिक द्वारा मिट्टी एवं अर्जुन के पौधे पर विशेष परिच्चर्चा की गई। आईटीडीए निदेशक रवि जैन द्वारा बताया गया कि वन-धन योजना जो आईटीडीए से संचालित होती है से किसानों को सम्मलित कर धागे एवं अन्य वैल्यू एडिशन का कार्य कराया जा सकता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ की ये भी बताया गया कि सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि आउटपुट अच्छा मिलेगा।
महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, दुमका द्वारा बताया गया कि कोकून को न बेच कर इसे धागा उत्पादन कर बेचने का कार्य किया जाय ताकि किसानों को ज्यादा आमदनी मिल सके।
जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अर्जुन के पेड़ का रोपण कर तसर उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।जेएसएलपीएस के डीपीएम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रेशम कोए का उत्पादन को और बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही तसर कोए से धागा बनाने का भी कार्य जल्द किया जायेगा।

## 15 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत

**दलाही।** मसलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंजबोना में रविवार शाम को एक 15 वर्षीय किशोर तालाब में डूबने से ऊसकी मौत बीती देर रात्रि को हो गई। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार उसकी पहचान शिवशंकर किस्कु के रूप में हुई है। वह रविवार शाम को गांव के बगल तालाब में नहाने के लिए गया हुआ था। कपड़ा रखकर वह तालाब में जैसे ही डुबकी लगाने गया व डूब गया। उनके पीछे रिस्ते में चाचा कुंदन किस्कु भी नहाने के लिए गया हुआ था। उन्होंने देखा तो उनका कपड़ा पहचान लिया। लेकिन शिवशंकर कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। जब नहाने वाले तालाब के घाट तरफ देखा तो नीचे से पानी में बुलबुला उठ रहा था। आनन फानन में उन्होंने तालाब में डुबकी लगाई और डूबे हुए किशोर को निकाला। उसे घर लाया गया लेकिन तब तक वह निष्प्राण हो चुका था। वह भोला किस्कू का तीन पुत्रों में सबसे बड़ा पुत्र था। किशोर के मौत के बाद मां नानी बास्की का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## द सेकंड होम स्कूल में स्थापना दिवस




**नोनीहाट(दुमका) ।** द सेकंड होम विद्यालय नोनीहाट में में सोमवार को विद्यालय स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ काफ़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के मुख्य अतिथि सरस्वती लो और भारती दत्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीत, डांस, भाषण की प्रस्तुति देकर बच्चों ने मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश लो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीम क्षेत्र मे निरंतर 2 वर्षों से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है, जिससे बच्चे निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। कार्यक्रम मे पिंकू कुमार कक्षा अष्टम, युवराज शर्मा कक्षा पंचम, स्नेहल शर्मा कक्षा अष्टम और अंजली कुमारी कक्षा यूकेजी के छात्रों को विद्यालय के द्वारा मेडल पहना कर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया यह सभी छात्र-छात्राएं प्रोजेक्ट के बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किए गए मौके पर शिक्षक- शिक्षिकाएं सहित अभिभावक, स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## प्रयागराज के लिए 40 श्रद्धालु रवाना



**रानीश्वर (दुमका) ।** सोमवार को प्रखंड से महाकुंभ मेला के लिए 40 श्रद्धालु उत्तरप्रदेश के प्रयागराज के लिए रवाना हुए। बताते चलें की आगामी 26 फरवरी को अन्तिम दिन इस महाकुंभ मेला में प्रयागराज में गंगा,युमना, एवं सरस्वती तीनों नदीयों मिलन है ,उस दिन सब की मनोकामना है की नदी में डुबकी लगाना, रानीश्वर से सोमनाथ भट्टाचार्य,मलय साहा,गुडु साव,जीवन मंडल,आदि के परिवार के साथ रवाना हुए, जिससे महिला एवं बच्चे भी शामिल हैं ।

## स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की स्मृति में की गयी श्रद्धांजलि सभा



**रामगढ़(दुमका) ।** स्वतंत्रता आंदोलन का गवाह रहे रामगढ़ प्रखंड के बरमसिया पंचायत के लाठी पहाड़ गांव में सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता देवनाथ गृही ने की। मौके पर देवनाथ गृही ने बताया कि भारत छोड़ो आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानी लाल हेम्ब्रम उर्फ लाल बाबा के नेतृत्व में लाठी पहाड़ क्रांतिकारियों के आंदोलन का केंद्र बन गया था। लाठी पहाड़ में क्रांतिकारियों के जुटने की खबर अंग्रेज प्रशासन को भी मिली थी। इसके बाद स्वतंत्रता आंदोलन को कुचलने के लिए अंग्रेज सरकार ने लाठी पहाड़ पर दमन चक्र तेज कर दिया था।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मित्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चंसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686